CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 3 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 202 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा व आरएसएस के निशाने पर : खड़गे पेज 2



यशस्वी जायसवाल ने लगाया टेस्ट करियर का छठा शतक खेल टाइम्स



भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस पेज 11



नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी मुखर्जी बॉलीवुड

### अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच प्रधानमंत्री की ट्रम्प को दो टूक

# मोदी का संकल्प: अब वही खरीदेंगे जिसमें भारत का पसीना बहा हो

वाराणसी, वार्ता



- कहा: आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है।

हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है, लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी ही नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए दूसरे को कहते रहना चाहिए, जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़ करके देशहित में हर पल हर जगह देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा। हम स्वदेशी का संकल्प लें! उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हम कुछ भी खरीदें, तो एक ही तराजू होना चाहिए। हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।

## बेटियों के सिंदूर के बदले का वचन पूरा किया: मोदी

- वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन, सावन का महीना हो, काशी हो, देशभर के किसानों से जुड़ना हो, इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की कितनी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से गुजरा। तब मैं, बाबा विश्वनाथ से यही मांग रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को ये दुख सहने की हिम्मत दे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। वाराणसी में ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर

# देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद

## कोर्ट ने 11 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

मैसूरु, वार्ता



- अदालत ने पीड़ित महिला को सात लाख रुपये देने को कहा

**बेंगलुरु की** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

## गैंगरेप पर अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विवादित पोस्टर

- सलाह दी, रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है, आपत्ति के बाद हटाया

**अहमदाबाद।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे। विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस का कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत है।

## धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्र ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

## ईसी ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का परिश्रम दोगुना किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

## कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

## अमृत उद्यान 16 अगस्त से खुल जाएगा जनता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इस महीने की 16 तारीख से जनता के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार अमृत उद्यान एक महीने यानी 14 सितम्बर तक जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा और शाम को सवा पांच बजे उद्यान में प्रवेश बंद हो जाएगा। रखरखाव कार्यों के लिए उद्यान को हर सोमवार को बंद रखा जाएगा।

# ईसी पर बरसे राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता बोले- मेरे पास सबूत हैं, भारत के पीएम बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं
- लोकसभा चुनाव 2024 में 80 से अधिक सीटों पर धांधली हुई, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली 'बेजान' है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'धांधली' हुई है और उनके पास इस दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं।

दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनाव में 80 से अधिक लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई है, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 80 से अधिक है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत, प्रयागराज में 1000 घर बाढ़ में डूबे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

## अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को तीन अगस्त से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

## केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू, 22 किमी अतिरिक्त चलना होगा पैदल

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई दिनों से बाधित यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। अब श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल चलना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य सड़क मार्ग बाधित होने के कारण विगत कुछ दिनों केदारनाथ की यात्रा रुकी हुई थी। केवल वापस आ रहे यात्रियों को सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुंड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

### एशिया कप मुकाबलों के लिए स्थानों का ऐलान

# दुबई में होगा भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एशिया कप 9 से 28 सितम्बर तक यूएई में खेला जाएगा, 14 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भिड़ेंगे चिर प्रतिद्वंदी**

**नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एशिया कप के मुकाबलों के लिए स्थानों का ऐलान कर दिया। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप 9 से 28 सितम्बर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितम्बर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितम्बर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 10 सितम्बर को यूएई के खिलाफ करेगी। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप-ए में रखा गया है। ऐसे ही श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप-बी में हैं। एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीमों को अनुमति देगा। मैच दुबई और अबू धाबी में खेले जाएंगे। इससे पहले नकवी ने श्एक्सश पर टूर्नामेंट की औपचारिक घोषणा की। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने पोस्ट किया, श्मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों का एलान करते हुए खुशी हो रही है। यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितम्बर तक आयोजित होगा। हम क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। एशिया कप के आयोजन स्थल का फैसला 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में किया गया था। बैठक में सभी 25 सदस्य देशों ने भाग लिया था। बीसीसीआई इसका मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में इसलिए हो रहा है, क्योंकि भारत और पाक के बीच मौजूदा तनाव के कारण दोनों देशों ने 2027 तक केवल तटस्थ स्थानों पर ही मैच खेलने पर आपसी सहमति जताई है। इसी के तहत इसी साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाक था, पर भारत ने मुकाबले दुबई में खेले थे और चैंपियनशिप अपने नाम की थी। एशिया कप में भारत और पाक को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा, जहां दोनों एक बार भिड़ेंगी। इसके बाद सुपर फोर चरण में एक-दूसरे के खिलाफ एक और मुकाबला खेलने का मौका मिलेगा। दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो उनके बीच तीसरी मुकाबला भी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र, पंजाब व राजस्थान में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है सेना

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता की प्रतिबद्धता पर अडिग सेना मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है। सेना ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति सामान्य होने के बाद गुना और शिवपुरी जिलों में तैनात सैन्य टुकड़ियों को आज वापस बुला लिया गया। इस बीच अशो. कनगर-ग्वालियर से संचालित एक बाढ़ राहत टुकड़ी राहत और सहायता की संभावित आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए ईसागढ़ और सिहोरा क्षेत्रों का सक्रिय रूप से सर्वेक्षण कर रही है। धौलपुर में सेना की एक टुकड़ी स्थिति बिगड़ने पर सहायता के लिए तैयार है। साथ ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से प्राप्त अनुरोध पर शीघ्र कदम उठाते हुए सेना ने एक टीम तैनात की है। इस टीम को बाढ़ जैसी स्थिति के कारण जलभराव की समस्या के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

### छात्रा-अध्यापकों पर लाठीचार्ज की निंदा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे छात्रों और अध्यापकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि देश का युवा सड़क पर है, लाठियां खा रहा है, क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि एसएससी की परीक्षाएं लाखों युवाओं की जिंदगी बदल सकती हैं, लेकिन जब प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में हो तो भरोसा कैसे बचेगा?

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपये भेजे

# किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

**वाराणसी, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की और कहा कि उनकी सरकार देश के किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री आज अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के 51वें दौरे पर आए। मोदी ने सेवापुरी क्षेत्र के बनौली गांव में एक जनसभा स्थल से पीएम किसान सम्मान की किस्त जारी करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों को 'विकास विरोधी' बताते हुए कहा कि इन पार्टियों ने शुरू में इस योजना के बारे में लोगों और किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर हुई एक घोषणा भी पूरी होना मुश्किल होता था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है! आज पीएम किसान सम्मान निधि सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुकी है। इस योजना के तहत अब तक देश भर में किसानों को पौने चार लाख करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के करीब ढाई करोड़ किसानों को 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई है। मोदी ने कहा कि 2019 में जब पीएम-किसान सम्मान निधि शुरू हुई थी, तब समाजवादी पार्टी-कांग्रेस जैसे ने लोगों को गुमराह करने के लिए कहा था 2019 के चुनाव के बाद यह योजना बंद हो जाएगी और मोदी ने जो पैसा अभी जमा किया है ना, वो भी वापस निकाल लेगा।



■ सपा और कांग्रेस को बताया विकास विरोधी, सरकार किसानों के लिए कृतसंकल्प

प्रधानमंत्री ने इस तरह की राजनीति को 'देश का दुर्भाग्य' बताते हुए कहा कि निराशा की गर्त में डूबा हुआ विरोधी मान. सिकता वाले लोग ऐसी ही झूठी सच्चाई को लेकर के जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना में ऐसी पक्की व्यवस्था बना दी है कि न कोई लीकेज होगी, न ही गरीब का हक छीना जाएगा। इसका पैसा बिना किसी कट-कमीशन, बिचौलिए या हेराफेरी के, सीधे किसानों के खाते में पहुंचता है। उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा हाल में स्वीकृत 24 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए, कृषि व्यवस्था मजबूत और विकसित करने के लिए इसे देश के ऐसे जिले में लागू किया जाएगा, जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए, पिछड़े रह गए। इससे उत्तर प्रदेश के भी लाखों किसानों को फायदा होगा। मोदी ने कहा कि किसानों के जीवन में बदलाव के लिए, उनकी आय बढ़ाने के लिए, खेती पर होने वाला खर्च कम करने के लिए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पूरी शक्ति से काम कर रही है, पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के किसानों के दावे निपटाए जा चुके हैं।

### 20वीं किस्त जारी करने पर चाहर ने किया मोदी का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। चाहर ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपए डाले हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों के खाते में 3.89 लाख करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। 18 जून 2024 को 19वीं किस्त के रूप में 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि एक फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कृषि आदानों की खरीद में सभी किसान परिवारों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, जो अनुमानित कृषि आय के साथ-साथ घरेलू जरूरतों के लिए भी है।

---

# योगी सरकार के एजेंडे को धार देंगे गोयल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी गोयल को नया मुख्य सचिव बनाया है। अधिकारियों की माने तो नए मुख्य सचिव एसपी गोयल विधानसभा चुनाव 2027 के लिहाज से योगी सरकार के एजेंडे को धार देने का काम करेंगे।

हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान कई वरिष्ठ नौकरशाहों की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा जो देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर बैठने की उम्मीद पाले बैठे थे। उच्च पदस्थ सूत्रों की माने तो सत्ता के गलियारों में अभी से इस बात की चर्चा भी शुरू हो चुकी है कि चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए गोयल को कम से कम तीन महीने का विस्तार मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल का राज्य नौकरशाही के शीर्ष पर लंबा कार्यकाल तय है, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति लगभग 18 महीने बाद जनवरी 2027 के अंत में होनी है। उनका संभावित लंबा कार्यकाल उन्हें विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय देगा।

### आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया गया

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सैन्य बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में पल बढ़ रहे आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया गया। काशी के सेवा. पुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली कालिका धाम में एक जनसभा में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का काशीवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि सावन मास में प्रधानमंत्री जी की काशी में उपस्थिति विशेष है, जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरी दुनिया ने देखा।

---

# अंगदान को लेकर पूरे देश में लागू होगी एक यूनिफॉर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंगदान को लेकर अलग-अलग राज्यों में प्रचलित नियम व कानून को 'वन नेशन वन पालिसी' के तहत लाने की तैयारी है। इसके लिए नेशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) ने सभी राज्यों की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर लागू करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' के 99 एपिसोड में इसका जिक्र कर चुके हैं। अभी तक अंगदान को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में लोग सर्टिफिकेट के लिए बढ़-चढ़कर प्रतिज्ञा लेते हैं। लेकिन अवसर आने पर इनमें से अधिकांश लोग नदारत हो जाते हैं। दूसरे अंगदान को लेकर अलग अलग राज्यों में अलग-अलग नियम व शुल्क निर्धारित है। जिसको देखते हुए नोटो ने सभी राज्यो की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर वन नेशन वन पालिसी के तहत लागू करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा है। जिससे पूरे देश में एक यूनिफॉर्म लागू किया जा सके। एसजीपीजीआई में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख व यूपी में नोटो के प्रभारी प्रो नारायण प्रसाद ने बताया कि ड्राफ्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार आधारित प्रणाली को लागू करने की मांग की गई है।

### अब यूपी पुलिस भी सीबीआई और ईडी के नक्शे कदम पर

**लखनऊ।** यूपी में अब पुलिस की गिरफ्तारी और तलाशी की कार्रवाई अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यूपी के डीजीपी ने गिरफ्तारी और तलाशी से जुड़े 16 बिंदुओं पर आधारित नया मेमो सभी जिलों को भेजा है। हर गिरफ्तारी की प्रक्रिया को कागजों में दर्ज करना और उसकी पूरी जानकारी नियमानुसार देना अनिवार्य कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब हर आरा. `पी की गिरफ्तारी के लिए एक अधिकारी को नामित करना जरूरी होगा, जो गिरफ्तारी से संबंधित सभी विवरण तैयार करेगा। इसके साथ ही इस विवरण को संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# भाजपा-आरएसएस पर भड़के खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।

खड़गे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और



■ संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा, आरएसएस के निशाने पर: कांग्रेस

भाईचारे का अधिकार देता है, लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं।

भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है, जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैए से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे, तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है।

---



सेंसेक्स 81337.95
निफ्टी 2482110



सोना रु. 100000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114900
प्रति किलो




# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी एरसिल

**मुंबई, वार्ता**

देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) एरसिल ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने आईपीओ के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। वह शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली देश की पहली एआरसी होगी।

आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 10,54,63,892 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे। इनमें 6,87,39,034 इक्विटी शेयर एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा और 1,94,45,000 शेयर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बेचे जा रहे हैं। लाठे इनवेस्टमेंट 1,62,44,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक ऑफ इंडिया 10,35,000 इक्विटी शेयर बेच रहा है।



आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और जेएम फाइनेंशियल को आईपीओ के लिए बैंकर नियुक्त किया गया है। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एरसिल) की स्थापना 2002 में हुई थी। यह देश की पहली एआरसी कंपनी है। देश के 12 राज्यों में कई क्षेत्रें में परिसंपत्ति पुनर्गठन का उसका कारोबार फैला हुआ है। उसका नेटवर्थ 2,462. 511 करोड़ रुपए है। कंपनी ने अब तक 652 ट्रस्ट बनाए हैं, जिनमें 199 को सफलतापूर्वक वित्तीय परिसंपत्ति समाधान के बाद बंद कर दिया गया है। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में एरसिल का परिचालन राजस्व 596. 423 करोड़ रुपए और कुल आय 623.399 करोड़ रुपए रही। तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 355.319 करोड़ रुपए रहा।

### दूसरे दिन भी सोने-चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। ये लगातार दूसरा दिन है जब सोने और चांदी के दामों में कमी आई है, जिससे खरीदारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है। विस्तार से जानते हैं कि दिल्ली, हरिद्वार और अन्य प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के ताजा भाव क्या हैं? अगस्त के पहले दिन सोने की कीमत में 580 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई थी और आज 2 अगस्त को भी गिरावट जारी रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बना हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने का रेट 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का दाम 99,960 प्रति दस ग्राम रहा, जबकि चेन्नई में 99,810 रुपये था। मुंबई में सोन का भाव 99,960 रहा, जबकि कोलकाता में 99,960 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। कुछ विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि दीपावली तक चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं,जिससे ये निवेश का एक आकर्षक विकल्प बन सकता है।

# चावल सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़ चीनी-दालों में नरमी

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम टूट गए जबकि गेंहू की कीमतों में स्थिरता रही। चीनी सस्ती और गुड़ महंगा हुआ। दालों में भी नरमी रही। वहीं खाद्य तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए घटकर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गयी। गेहूं 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 11 रुपए चढ़कर 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 112 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 168 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल करीब 14 रुपए चढ़ा, जबकि वनस्पति छह रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। सूरजमुखी तेल 16 रुपए और पाम ऑयल करीब 29 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल में औसतन 30 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। चना दाल 30 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। तुअर दाल 107 रुपए प्रति क्विंटल और दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी आठ रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.49 रुपए और चावल 3805.37 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4275.77 और गुड़ 4938.78 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17660.97 रुपए, मूंगफली तेल 17681.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15286.49 रुपए, सोया रिफाइंड 13800.12 रुपए, पाम ऑयल 12254.80 रुपए और वनस्पति तेल 14502.00 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

---

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेटियों के..** सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का वो पल और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर मिला है। काशी में शनिवार को एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूरी दी है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे। उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के बाद ये बात कही। जब काशी से धन जाता है, तो अपने आप प्रसाद बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में 2200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। पीएम ने कहा कि आज काशी में 2 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने कहा कि काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिवभक्तों की दिव्य तस्वीरें देखने का अवसर मिल रहा है, खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकलते हैं, यह बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। डमरू की आवाज से अद्भुद भाव पैदा होता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन के पवित्र महीने में बाबा विश्वनाथ और मार्कंडेय महादेव के दर्शन करूं। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का जयकारा भी लगाया।

**ईसी पर...** (ईसी)का अस्तित्व खत्म हो चुका है और वह गायब हो गया है। चुनाव आयोग से मिले दस्तावेजें का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने यह पता लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 6.5 लाख मतदाताओं में से लगभग 1.5 लाख मतदाता फर्जी थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को नष्ट कर दिया गया है और उस पर कब्जा कर लिया गया है, लेकिन हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व ही नहीं है, यह गायब हो गया है। इस सबूत को खोजने में हमें लगातार छह महीने लगे हैं। आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट देते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें 2014 से ही कुछ गड़बड़ होने का संदेह था। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अपनी हार के बाद चुनावी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी, जहां विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक करोड़ नए मतदाता सामने आए, जिन्होंने भाजपा को वोट दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में मुझे पहले से ही शक था, बड़ी जीत हासिल करने की यह क्षमता। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश या गुजरात में एक भी सीट नहीं मिली, जिससे मैं हैरान था। फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में हम चुनाव जीते। फिर चार महीने बाद हम न सिर्फ हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। तीन मजबूत पार्टियां अचानक गायब हो गईं। हमने चुनावी गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच शुरू की और पाया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को गए।

**उत्तराखंड के...** में शुक्रवार रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई थी। मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति फेल: महबूबा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटाए जाने के 6 साल पूरे होने से पहले पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह से विफल हो गई है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35। को हटाया गया था। इस पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त 2019 से पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और आर्टिकल 370 को इस दावे के साथ हटा दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह से विफल रही है।



मुफ्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है। उन्होंने सुरक्षा बलों पर जारी कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक रूप से हालात खराब हैं। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ्तारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालांकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थिति में आ गया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंगओवर पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लूट का विरोध करने पर लकड़ी व्यापारी को हथौड़ा मारा

## घर में लूट की नीयत से घुसे बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, मौके पर भारी भीड़ होने के कारण लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** 3 अज्ञात लुटरों ने आज शनिवार की सरेशाम एक मकान में घुसकर एक लकड़ी व्यापारी के सिर में उस समय जोरदार हथोड़ा मार दिया जब व्यापारी ने लूट का विरोध किया। चीख पुकार सुनकर मौके पर आए सैंकड़ों लोगों ने माजरा समझते ही घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक लुटेरे को पकड़ लिया जबकि दो लुटेरे भाग जाने में सफल रहे। व्यापारी का घर सड़क पर होने के कारण जबरदस्त जाम लग गया और पुलिस ने बदमाशों की तलाश में दौड़ लगा दी। उधर व्यापारी की हालत गंभीर होने पर व्यापारी को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। इस घटना को लेकर व्यापार मंडल में भारी रोष है।

मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की देर सायं लगभग सवा 07 बजे बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड निवासी बबलेश जैन अपने घर में थे। तभी उनके घर में एक एक करके 03 बदमाश घुसे और उन्होंने अंदर जाकर लूट करने के उद्देश्य से व्यापारी को तमंचों व हथोड़े से आतंकित करते हुए उनके घर को खंगालना शुरु कर दिया। तब व्यापारी ने इस बात का विरोध किया तो एक लुटेरे ने व्यापारी के सिर में जोरदार हथौड़ा मार दिया तो व्यापारी दर्द के मारे चीख पड़ा तो उसकी आवाज सुनकर उपर कमरे में मौजूद परिवार के सदस्यों ने माजरा समझते हुए शोर मचा दिया तो कुछ ही क्षण में आसपास के सैंकड़ों लोग और दुकानदार मौके पर आ गये और माजरा समझते हुए भाग रहे बदमाशों में से एक बदमाश को भागकर पकड़ लिया जबकि दो बदमाश भाग जाने में सफल रहे। उधर पब्लिक ने पकडे गये बदमाश को मारना पीटना शुरु कर दिया तो घटना की सूचना पर बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार कुछ ही देर में मौके पर आ गये और बदमाश को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचाकर आक्रोशित भीड़ को शांत किया और अपने उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। उन्होंने घर के पड़े तडप रहे गंभीर रुप से घायल व्यापारी बबलेश जैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। उधर इस घटना की सूचना पर फुगाना सीओ ऋषिका सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह और एसएसआई ललित शर्मा दल बल सहित मौके पर पहुंचे।

कुछ ही देर बाद एसपी देहात भी आ गए। इस दौरान भीड़ के कारण रोड पर जाम लग गया। तब पुलिस ने भीड़ को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए लुटेरों की तलाश शुरु कर दी थी। उधर चर्चा के मुताबिक बबलेश के नौकर या मिस्त्री ने इस घटना को अपने साथियों के साथ अंजाम दिया है इसकी भी बुढ़ाना पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

देर रात समाचार लिखे जाने तक घटना को लेकर कस्बे के व्यापारियों में भारी रोष था और वे घटना के सही खुलासे की मांग कर रहे थे।

### राम वनवास प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

**मुजफ्फरनगर।** एसडी मार्किट में चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव के छठे दिन कथा वाचक अरविंद महाराज के साथ उनके सुपुत्र अभिषेक ने भी कथा का पाठ किया। दोनों संतों की संयुक्त वाणी से श्रोतागण भावविभोर हो उठे। कथा में श्रीराम बारात एवं श्रीराम वनवास का प्रसंग सुनाया। शनिवार को भगवान श्रीराम के विवाह उपरांत नगर आगमन की मंगलमयी बारात का हर्षोल्लास से वर्णन किया। इसके पश्चात राम वनवास का करुणामय प्रसंग सुनाया गया, जिसमें त्याग, मर्यादा और धर्म का गहन संदेश उपस्थित रहा। मंच संचालन अनिल नामदेव द्वारा किया गया। कथा में मुख्य यजमान नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, आकाश कुमार रहे।

# कुकर्मी महाराज को 20 वर्ष की कठोर कैद, जुर्माना

■ पोस्को अधिनियम के तहत न्यायालय ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फुगाना थाना क्षेत्र के गांव सरनावली में किशोर को बंधक बनाकर कुकर्म करने के दोषी महाराज को न्यायालय ने 20 वर्ष की कठोर सजा के साथ 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियुक्त ने किशोर से दुष्कर्म के बाद उसके हाथ व पैर बांधकर मुंह में रुमाल ठूंस दिया था।

एडीजीसी विक्रांत राठी और दीपक गौतम ने बताया कि पीड़ित 14 वर्षीय किशोर ने 13 जुलाई 2023 को थाना पुराण में दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि फुगाना थाना क्षेत्र के गांव सरनावली निवासी महाराज लोकेशनाथ कश्यप उसे 12 जुलाई 2023 की दोपहर को अपने साथ हरिद्वार घुमाने के बहाने ले गया था।

आरोप था कि महाराज हरिद्वार नहीं ले जाकर उसे अपने गांव सरनावली ले गया, जहां जंगल में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की।

इसके बाद अभियुक्त ने उसे गांव के एक मंदिर में हाथ और पैर बांधकर मुंह में रुमाल ठूंस कर बंधक बना लिया। पीड़ित किशोर रात भर बंधक बना रहा। किसी तरह बंधन मुक्त होकर उसने पुलिस को सूचना दी।

मामले में पुलिस ने अभियुक्त महाराज लोकेश नाथ कश्यप के विरुद्ध बंधक बनाने मारपीट करने में दुष्कर्म की धारा में अभियोग दर्ज कर और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

डीजीसी राजीव शर्मा ने बताया कि एडीजीसी विक्रांत राठी और दीपक गौतम ने की मजबूत पैरवी। मुकदमे की सुनवाई विशेष अपर सत्र न्यायाधीश, पोक्सो अधिनियम के न्यायालय की पीठासीन अधिकारी अलका भारती के न्यायालय में हुई।

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय ने शनिवार को दुष्कर्म के दोषी महाराज लोकेश नाथ कश्यप को 20 वर्ष की कठोर सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।



मुजफ्फरनगर : विकास भवन में बैठक में मौजूद सांसद हरेन्द्र मलिक व चेयरपर्सन।

# विवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर की आत्महत्या

■ उपचार के दौरान विवाहिता की मौत से मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** थाना क्षेत्र के गांव हैदरनगर जलालपुर में विवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। विवाहिता की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। सूत्रों ने बताया कि तितावी थाना क्षेत्र के गांव हैदरनगर जलालपुर निवासी सुशील की 48 वर्षीया पत्नी गीता तनाव में चल रही थी। शनिवार दोपहर गीता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को मुजफ्फरनगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान गीता ने दम तोड़ दिया। विवाहिता की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। परिजनों ने किसी भी तरह की कार्रवाई से इन्कार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया।



मुजफ्फरनगर : सदर तहसील में शिकायते सुनते डीएम व एसएसपी।

# 31 लाख की लागत से हुआ प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प

## पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने 86 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के चहुंमुखी विकास को प्रतिबद्ध नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने एक और उल्लेखनीय पहल करते हुए शनिवार को कुल 86 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए करीब 86 लाख रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण किया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने राज्य वित्त आयोग और ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगरपालिका परिषद् द्वारा पूर्ण कराये गये इन कार्यों को जनता को समर्पित किया।

वार्ड संख्या 27 के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय खालापार नम्बर एक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत ऑपरेशन कायाकल्प में प्राप्त ग्रांट से रसोईघर, मजबूत और ऊंची बाउंड्री वॉल, परिसर में टाइल्स फर्श, शौचालय, चार कक्षों का नवीनीकरण और क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए गए। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के यहां पहुंचने पर वार्ड सभासद नौशान पहलवान ने ढोल के साथ स्वागत किया। विद्यालय में फीता काटकर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने लोकार्पण किया और उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ समय बिताया, उनका हालचाल जाना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय स्टाफ ने नगर पालिका की इस पहल को सराहा और कहा कि विद्यालय की दशा पहले अत्यंत जर्जर थी, अब बच्चों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिला है। इसके साथ ही वार्ड 27 में 21 लाख रुपये की लागत से तैयार तीन सड़कों का उद्घाटन किया गया। वहीं वार्ड संख्या 2 सहावली में भी पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने करीब 34 लाख रुपये की लागत से दो सीसी सड़क और नाली निर्माण पूर्ण होने पर विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि हमारा प्रयास केवल सड़कों के निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि एक ऐसे नगर के निर्माण का है जहाँ हर बच्चा सुरक्षित माहौल में शिक्षा पा सके, हर नागरिक को आधारभूत सुविधाएं मिलें। खालापार के विद्यालय भवन की हालत चिंताजनक थी, बरसात में पानी टपकता था, बाउंड्री इतनी छोटी थी कि कोई भी अंदर आ सकता था। अब हमने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निर्धारित सभी 19 मानकों के अनुरूप सुधार कार्य कराए हैं। यह केवल शुरुआत है। आने वाले समय में मुजफ्फरनगर के हर कोने में यह विकास साफ दिखाई देगा। नगरपालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में इसी तरह के विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और विद्यालय के शिक्षकों ने पालिकाध्यक्ष के प्रयासों की सराहना की।

उद्घाटन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से सभासद बबली सुन्दर सिंह, मनोज चौधरी, चौ. जयपाल सिंह, सौराज सिंह, रामकुमार, संजीव कुमार, प्रदीप प्रधान सहावली, राकेश कुमार, विद्यालय प्रधानाध्यापक मौहम्मद जावेद, हिमानी जौहरी, आदेश पंवार, शहनाज, समरीन रूही, बबीता, सभासद नौशाद पहलवान, मनोज वर्मा, पूर्व सभासद विकल्प जैन, मयंक त्यागी, डीके जैन और जेई निर्माण कपिल कुमार, रजत गोयल आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवारों को बदमाश समझकर पीटा

**चरथावल।** थाना-क्षेत्र के बलवाखेड़ी गांव में देर रात्रि में दो बाइक सवारों को बदमाश समझकर ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह मारपीट की। मारपीट में दोनों युवक गम्भीररूप से घायल हो गये। हालत गम्भीर होने पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक द्वारा हालत गम्भीर होने पर एक युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मोहन निवासी ग्राम सोहजनी थाना तितावी, जोकि सेना में सिपाही के पद पर तैनात है। इस समय छुट्टी पर घर आया हुआ था। वह अपने चचेरे भाई रोशन के साथ बाइक द्वारा बिरालसी नहर पटरी के रास्ते बाइक द्वारा जनपद सहारनपुर में अपने भाई के पास जा रहा था। जब ये दोनों ग्राम बलवाखेड़ी पहुंचे तो इनकी बाइक का तेल खत्म हो गया। उस समय रात्रि के दो बजे थे।वही दोनों नशे में थे। बताया गया कि मोहन द्वारा पैट्रोल की तलाश में एक ग्रामीण का दरवाजा खटखटाया गया। लेकिन ग्रामीण ने दरवाजे पर बदमाश समझकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर फौजी व उसके साथी को बदमाश समझकर बुरी तरह धुनाई कर अधमरा कर दिया वही बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। सूचना पर पहुंची, पुलिस को दोनों को संदिग्ध बताकर सौंप दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी भिजवाया। फौजी की हालत गम्भीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। वही ग्रामीणों ने एक घायल युवक को सुपुर्दगी में देने पर थाने में धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद युवक को थाने पर ही बैठा लिया।

### महिला ने मायके वालों पर लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम बोरी, थाना नई मंडी निवासी मंजू देवी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर को प्रार्थना पत्र देकर अपने मायके वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसके माता-पिता और अन्य पारिवारिक सदस्यों की दखलंदाजी के चलते उसका वैवाहिक जीवन पूरी तरह बर्बाद हो गया है। मंजू देवी की शादी 27 जनवरी 2005 को बहादराबाद हरिद्वार निवासी अनिल कुमार के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। कुछ समय पश्चात पिता महिपाल द्वारा पति अनिल कुमार से कहासुनी के बाद, झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश की गई। आरोप है कि मंजू देवी के पिता महिपाल, भाई दुर्गेश, सुकर्मपाल, भाभी योगेश, बहन सोनिया और बहनोई अनुज लगातार वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करते रहे। मंजू देवी ने बताया कि इनकी वजह से उसका विवाह तलाक तक पहुँच गया और अब वह मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रही है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 8 दिसंबर 2021 को बजहेरी शिव मंदिर के पास उसके पति पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें पति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में थाने में शिकायत दी गई तथा मेडिकल रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। पीड़िता का कहना है कि उसके पिता द्वारा पहले यह लिखित रूप में स्वीकार किया गया था कि वह अपनी दोनों बेटियों से कोई संबंध नहीं रखेंगे, लेकिन इसके बावजूद वे सोनिया और उसके पति अनुज से लगातार संपर्क में हैं। मंजू देवी ने यह भी कहा कि उसके पिता ने उसे घर से निकाल दिया है और अब वह तलाकशुदा होकर मानसिक तनाव में जीवन यापन कर रही है। महिला ने एसएसपी से गुहार लगाई है कि उसके माता-पिता और अन्य हस्तक्षेप करने वाले परिजनों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की।

# जज्बा दौड़ के दौरान शहीदों को किया जाएगा याद

## जज्बा टीम ने निमंत्रण को पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अमित पटपटिया के नेतृत्व में जज्बा दौड़-11 की एक टीम कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से मिली। आचार्य प्रमोद कृष्णम को सत्यप्रकाश रेशू ने जज्बा दौड़ की याद दिलाते हुये उन क्षणो को याद दिलाया जब मुजफ्फरनगर के कवाल के दंगे पूरे देश में गूंज रहे थे। कवाल के दंगो के बाद भी जज्बा दौड़ तत्कालीन जिला अधिकारी सुरेन्द्र सिंह व कौशल राज शर्मा के नेतृत्व में जज्बा दौड़ की उच्च तैयारिया कर रही थी। जिसमें आचार्य प्रमोद कृष्णम भी शामिल हुये थे। आचार्य प्रमोद कृष्णम के गायन ने सभी की आँखो में आजादी के आँसू बहाते हुए शहीदो की याद दिला दी थी।

जज्बा टीम के निमंत्रण को पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सहर्ष स्वीकार करते हुये 9 अगस्त को मुजफ्फरनगर पहुंचकर 10 अगस्त की




जज्बा दौड़ में होने का आश्वासन दिया। जज्बा टीम ने जज्बा दौड़-11 की तैयारियो के लिए आयोजको को जोड़ते हुये ''देश को समर्पित एक दौड़'' को नया रूप देने की तैयारी कर रखी है। इस बार की जज्बा दौड़ में योग गुरू बाबा रामदेव, रामायण के राम अरूण गोविल एवं आचार्य प्रमोद कृष्णम सहित बड़ी-बड़ी हस्तियो के शामिल होने की पूर्ण संभावना है। क्षेत्र के सभी लोग बढ़ चढ़कर जज्बा दौड़-11 में भाग लेने के उत्साहित है। कल्कि पीठाधीश्वर को आमंत्रित करने के लिए अमित पटपटिया की साथ सत्यप्रकाश रेशू , योगाचारी नवनीत मिश्रा, सुमित मिश्रा आदि शामिल रहे।

# संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक विश्वदीप बिट्टू के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता संजय मित्तल ने की संचालन प्रमोद मित्तल ने किया सर्वप्रथम बैठक में व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अशोक कंसल जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया सभी व्यापारियों ने केक कटवा कर पगड़ी पहना कर स्वागत किया तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की इसके बाद बैठक में जीएसटी विभाग के खिलाफ भारी रोष व्यक्त किया गया जिस प्रकार से व्यापारी से 50 लख रुपए की मांग की गई तथा गुडडी बाजार में सर्वे किया गया यह बिल्कुल गलत है सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए की इन बिंदुओं पर सरकार से मांग की जाएगी। व्यापारी के ऊपर कोई भी देवीय आपदा आने पर व्यापारी के नुकसान के हिसाब से सरकार को उसकी भरपाई करनी चाहिए। जीएसटी में एक ही समान पर जीएसटी की दो दरें नहीं होनी चाहिए जैसे जूते पर अलग-अलग दरे हैं दवाइयो पर अलग-अलग हैं एक समान होनी चाहिए। बैठक में अशोक कंसल अशोक बाटला संजय मित्तल प्रमोद मित्तल विश्व की बिट्टू विजेंद्र गोयल गोपाल मित्तल श्याम सिंह सैनी नीरज बंसल पुनीत सिंगल अजय सिंगल मनोज गुप्ता ओमप्रकाश बजाज डॉ धर्मेंद्र दीपक नारंग सुभाष चौहान मन्नू लाल नामदेव दिव्या प्रताप सोलंकी सचिन त्यागी सतीश तायल राजकुमार रहेजा आदि व्यापारी उपस्थित थे।

### चिकित्सक के क्लीनिक से दिनदहाड़े चोरी

**मुजफ्फरनगर।** सूजडू के मौहल्ला कुंगर पट्टी निवासी डॉ अब्दुल रहमान के क्लिनिक के अंदर घुस कर एक अज्ञात चोर ने मेज की दराज से हजारो रूपये की नगदी चोरी कर ली। आज सवेरे डॉ रहमान अपना क्लिनिक खोल कर घर पर किसी काम से चले गए तभी एक अज्ञात चोर मौके का फायदा उठाकर क्लिनिक में घुस गया और उसने हजारों रूपयों की चोरी कर ली तथा मौके से फरार हो गया। क्लिनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे में उक्त चोर चोरी करता हुआ साफ नजर आ रहा हैं। डॉ रहमान ने पुलिस को घटना से अवगत कराकर तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की खालापार पुलिस ने जांच कर कार्यवाही शुरू कर दी।

# मंत्री बेबी रानी ने भरी महिलाओं की गोद

■ बाल विकास मंत्री ने दिखाई जागरूकता रैली को हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उप्र के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने संभव अभियान के तहत पोषण जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई। स्टॉल का निरीक्षण कर पांच नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया। विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात सीडीओ व जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संभव अभियान-5 (कुपोषण के विरुद्ध व्यापक पोषण अभियान) के अन्तर्गत विकास भवन से पोषण रैली/जन जागरूकता रैली निकाली गई। पोषण रैली में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से 150 से अधिक आंगनवाडी कार्यकत्रियां द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही आंगनवाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को उचित दिशा-निर्देश दिये गये। बाद में विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सुखमय जीवन की कामनाओं के साथ छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पांच नवजात (06 माह पूर्ण कर चुके बच्चे) बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति सदस्य डा. राजीव कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शक्ति सरन श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, संतोष कुमार शर्मा, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे। सीडीओ ने कैबिनेट मंत्री को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया सीडीओ ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, जनपद द्वारा कराये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत लाइव प्लांट भेंट किया। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय ध्वज भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत एक लाईव प्लांट तथा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया गया।

# चार हथियार तस्कर हुए गिरफ्तार

## शहर कोतवाली पुलिस ने असलाह के साथ वाहन किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अवैध हथियारों की कई राज्यों में अवैध तरीके से सप्लाई करने वाले चार तस्करों को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों से 32 बोर के चार पिस्टल, एक 9 एमएम का पिस्टल, पांच तमंचे, दो मस्कट व दो वाहन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी पिछले काफी समय अवैध हथियारों की सप्लाई कर मुनाफा कमा रहे थे। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों का चालान कर दिया है।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि चरथावल न्याजूपुरा मार्ग पर कुछ लोग हथियारों की डिलीवरी करने के लिए खड़े हैं। शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने टीम के साथ बाइक व स्कूटी पर सवार सुभाष उर्फ कालू निवासी गांव जौली थाना भोपा, हुसैन खान उर्फ हुसैन मौहम्मद निवासी सदर बाजार करनाल, मूल पता सईद छपरा थाना इन्दी जनपद करनाल, हरियाणा व नासिर हुसैन निवासी जयहिन्द नगर बरखेडा पढानी थाना गोविन्दपुरा जनपद भोपाल को गिरफ्तार कर लिया।

उनके पास से पुलिस ने 3 पिस्टल, 1 रिवाल्वर, 5 तमंचे, 2 मस्कट व 4 मोबाइ बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हमने यह हथियार सुधीर निवासी कूकडा थाना नई मंडी से खरीदे थे। पुलिस ने आरोपी सुधीर को भी जौली रोड से एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों का चालान कर दिया है। बुकिंग कर अवैध शस्त्रों की करते थे सप्लाई पुलिस पूछताछ में आरोपी सुभाष उर्फ कालू ने बताया कि कम कीमत में दूसरे प्रदेशों से अवैध शस्त्र लाता था और अच्छी कीमत पर आगे बेचकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी हुसैन खान व नासिर खान पकडे गए सुभाष से अवैध हथियार खरीदते थे।

ये लोग आरोपी सुभाष को पैसे देकर अवैध हथियारों की बुकिंग करते थे। उसके बाद अवैध हथियारों को हरियाणा व पंजाब राज्यों में ऊंचे दामों में बेच रहे थे। मुनाफे में तीनों का प्रतिशत रहता था। पकडे गए आरोपी सुधीर ने भी सुभाष से ही पिस्टल खरीदी थी। गिरफ्तार करने वाली टीम को 21000 रुपए के इनाम की घोषणा की गई है।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा)
C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आईटीआई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# कांवड़ यात्रा पर निकले युवक की उपचार के दौरान मौत

## रायपुर नंगली के पास एनएच-58 पर हुआ हादसा, अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कांवड़ यात्रा पर निकले दो युवकों की खुशियों का सफर शनिवार सुबह हादसे में मातम में बदल गया। नेशनल हाईवे-58 पर रायपुर नंगली के समीप एक बुलेट बाइक सवार की लापरवाही ने दिल्ली से आए युवक की जान ले ली, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात बुलेट चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, योगेश शर्मा पुत्र सतेन्द्र शर्मा निवासी सुभाषनगर, थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर (वर्तमान निवासी घिटोरनी, नई दिल्ली) अपने दोस्त दिनेश धामा निवासी कासमपुर खोला, थाना मीरापुर (वर्तमान निवासी मेरठ) के साथ 18 जुलाई की सुबह कांवड़ लेने बाइक से हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। बाइक योगेश शर्मा चला रहा था, जबकि दिनेश पीछे बैठा हुआ था। सुबह लगभग 5:45 बजे जब दोनों छभ्-58 पर खतौली बाईपास के निकट रायपुर नंगली पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक बुलेट बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सीएचसी खतौली भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने योगेश शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि दिनेश धामा को गंभीर हालत में मेरठ के जसवंत राय अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल दिनेश की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। मृतक के भाई गौरव शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि योगेश कई वर्षों से दिल्ली में अपने परिवार के साथ रहकर काम कर रहा था। कांवड़ यात्रा में जाने की तैयारी उसने बहुत उत्साह से की थी, लेकिन यह यात्रा उसकी अंतिम यात्रा बन गई।

पुलिस ने अज्ञात बुलेट सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इधर, हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## 110790 किसानों को मिली सम्मान राशि

**मुजफ्फरनगर।** ब्लॉक में पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने किसानों को बड़ी सौगात दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के तहत किसानों के खातों में धनराशि हस्तांतरित की गई। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिले में इस योजना से 1,10,790 किसानों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और उनकी मेहनत को सम्मान देने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने किसानों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर विनय मित्तल, धीरसिंह गुर्जर, प्रधान सुनील मांडला, संदीप चेयरमैन, मनोज चौहान, अमित गोयल, विपिन गोयल, जॉनी आर्य, गौरव राठी चिंटू, गौरव कुमार मोनू, विवेक राठी (प्रधान), बशारत खान, साजिद कुरैशी, मनव्वर फरीदी, आजम खान मौजूद रहे।

## राखी प्रतियोगिता और रेड-डे में बच्चों ने लिया भाग

**भोपा।** जट मुझेडा स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन से कक्षा इंटर मिडिएम तक के बच्चो ने रक्षा बंधन के उपलक्ष में आकर्षक राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर आराध्या,नव्या राठी, द्वितीय साँची तोमर, तृतीय अविका धीमान रहे।

इसके अतितिक्त परिधि, तुलसी, हरकीरत, आराध्या, अभिनव, पूर्वी सैनी, स्रष्टि, मानवी, साँची, पलक, रिया, मान्या, खुशी, हर्षप्रीत, नव्या, इकरा मलिक, खुशी, पारखी, अवनी चौधरी, कपिल दबास, अरमान अली, कीर्ति, वंशिका, इल्मा, वेदंशी, आरोही काकरान आदि बच्चो ने आकर्षक राखियाँ बनाई। विद्यालय के उपाध्यक्ष के.के. आनंद ने बताया कि इससे बच्चे कोई भी नई चीज आसानी से सीख जाते है और बच्चो का सर्वांगीण विकास होता है।

# राशन वितरण में अनियमितता पर कार्रवाई, नंगला रुद्र के डीलर पर मुकदमा दर्ज

## शिकायत पर एसडीएम के निर्देश पर हुई जांच, नहीं मिला जुलाई माह का स्टॉक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के गांव नंगला रुद्र में राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए उचित दर विक्रेता अबरार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार, डीलर द्वारा न तो समय से राशन वितरण किया गया और न ही लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया।

एसडीएम खतौली राजकुमार भारती को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने नायब तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल जांच के आदेश दिए थे। टीम ने गांव पहुंचकर राशन दुकान की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान न केवल जुलाई माह का राशन स्टॉक नदारद मिला, बल्कि वितरण रजिस्टर एवं लाभार्थियों की सूची में भी खामियां पाई गईं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक को संबंधित डीलर के विरुद्ध थाना खतौली में मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार ने जानकारी दी कि राशन डीलर अबरार पर खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बरतने, स्टॉक गायब होने और निर्धारित समय पर राशन न बांटने के गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य राशन डीलरों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने साफ किया है कि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोप था कि जुलाई माह का राशन वितरण नहीं किया गया, दुकान पर खाद्यान्न का कोई स्टॉक नहीं मिला,लाभार्थियों को यूनिट से कम राशन दिया गया, ग्रामीणों ने एसडीएम से की थी लिखित शिकायत, डीलर पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज। एसडीएम राजकुमार भारती ने कहा कि राशन वितरण में पारदर्शिता और नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि गरीबों को उनका अधिकार समय से मिल सके।

# पुलिस ने नोटिस चस्पा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** थाना शाहपुर की चौकी मीरापुर इंचार्ज उपनिरीक्षक विकास चौधरी द्वारा सूचित किया जाता है कि थाना शाहपुर मु0नगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 131/25 धारा 191(2)/193(3)/190/115(2)/117(2)/109(1)/352/351(3) बीएनएस थाना शाहपुर मु0नगर बनाम अभियुक्ता रोमा पुत्री बिजेन्द्र व प्रेमलता पत्नी बिजेन्द्र निवासीगण ग्राम मन्धेडा थाना शाहपुर जनपद मु0नगर के मस्कन पर न्यायालय के आदेश निर्देशानुसार धारा 84 बीएनएसएस तामिला हेतु ग्राम मन्धेडा पहुँचे तो अभियुक्ता उपरोक्त अपने मस्कन पर मौजूद नही मिली। मुझ उ0नि0 द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुये अभियुक्ता के मस्कन पर धारा 84 बीएनएसएस के नोटिस चस्पा किये गये तथा धारा 84 बीएनएसएस की तामीला हेतु ढोल से मुनादी कराकर गांव मे घोषणा करायी गयी तथा गांव मे महत्वपूर्ण चौराहो व खम्भो पर नोटिस चस्पा किया गये। यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त लोगो की सूचना मिलती है तो थाना शाहपुर मु0नगर को सूचित करें।



# रामध्वज स्थापना के साथ श्रीरामलीला समारोह की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** श्रीरामलीला समिति (रजि.) द्वारा आगामी रामलीला समारोह के शुभारम्भ हेतु रामलीला भवन में विधिवत रूप से राम ध्वज की स्थापना की गई। यह आयोजन वैदिक मंत्रोच्चारण, हनुमान चालीसा, राम वंदना और राम आरती के साथ पारंपरिक तरीके से संपन्न हुआ। ध्वज स्थापना की पूजा पंडित अनिल शास्त्री द्वारा संपन्न कराई गई।

समिति अध्यक्ष दीपक गोयल ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का यह 109वां आयोजन होगा, जिसका शुभारम्भ 21 सितम्बर से होगा। 23 सितम्बर को राम बारात का आयोजन बैंड-बाजों और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य रूप में किया जाएगा। वहीं, 2 अक्टूबर को दशहरा मैदान (जामन वाली) में विशाल मेले का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।



इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, वैद्य प्रदुमन शर्मा, सचिन सैनी, सुनील भटनागर, कमल प्रकाश आर्य, सीमा संगल, रोहित माहेश्वरी, दीपक गोयल, अनिरुद्ध गोयल, राजपाल, पंकज महेन्द्रु, रवि, हरीश नारंग, शरणवीर, रमन गंगपुरी, पार्थ गोयल, मीडिया सेंटर अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, विजेंद्र कुमार, पं. दीपक कृष्णात्रेय, शिवम वत्स व प्रत्यय वत्स सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। रामलीला समिति का यह आयोजन श्रद्धालुओं के बीच आस्था और उल्लास का केंद्र बना हुआ है।

# रुपये ऐंठने का विरोध करने पर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जबरदस्ती रुपये ऐंठने वाले 04 शातिर लुटेरों ने विरोध होने पर गाड़ी चालक व परिचालक को लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को पकडकर जेल भेज दिया है। बीते 1 अगस्त को अमित पुत्र ओम सिंह निवासी सरूरपुर कलां जिला बागपत ने बताया था कि किरणपाल निवासी गांव कालिंदी सरधना और वारिस निवासी गांव रियावली नंगला द्वारा उसकी गाडी पर चालक इरशाद व हेल्पर नूर मौहम्मद निवासीगण बडौत जिला बागपत से पैसे मांगना एवं चालक व परिचालक द्वारा पैसे देने के लिए मना किया तो किरणपाल व वारिस अली द्वारा जोर दबाव बनाकर पैसे देने के लिए मजबूर करते हुए लात घूंसो से मारपीट की।

पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच दारोगा छविकांत सिंह को सौंपी तो जांच में शुभम पुत्र देवेन्द्र, मोनू उर्फ सुरेन्द्र पुत्र अशोक निवास. ीगण गांव कालिन्दी के नाम भी प्रकाश में आए।

तब चारों की गिरफ्तारी के लिए बुढ़ाना कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने अपने अधीनस्थों की मदद से मुखबिर की सूचना के आधार पर खतौली मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल संजय कुमार, नीरज त्यागी, निर्वेश भारद्वाज, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह, कांस्टेबल नकुल सांगवान थे।

## पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया

**बुढाना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत आज शनिवार के दिन देश के प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों के लिए जारी की गयी 20वीं किस्त के उपलक्ष्य में पीएम किसान उत्सव दिवस सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बुढाना में पीएम मोदी का लाइव कार्यक्रम देखते हुए बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया।

इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सुपरवाइजर विपिन चिकारा, संजीव कुमार, इरुान अली, राहुल कुमार, ओम दत्त, भूदेव, देवेंद्र और युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा, जनेश्वर सैनी, पदम सैनी, इरशाद ठेकेदार, नसीम कुरैशी और अनिल सैनी आदि किसानों की मौजूदगी रही। मोजूद किसानों के खातों में दो हजार रुपये आने पर किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गयी जबकि काफी किसानों को इस सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाया। वे बार बार मोबाइल में मैसेज को चेक करते देखे गये।

# एसडी ऑफ कॉमर्स के बी.कॉम अन्तिम वर्ष की परीक्षा घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बी. कॉम. अन्तिम वर्ष का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस. डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के बी.कॉम. अन्तिम वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थीयों के इस प्रदर्शन पर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थीयों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं समस्त शिक्षको द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।



विद्यार्थीयों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। बी.कॉम बी. कॉम. अन्तिम वर्ष की परीक्षा में माही जैन 84 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, आफिया ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा भव्या ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

यहां पर विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थीयों को शुभकामनाएं दी और उनको भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है व अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ संकल्प लेते हैं तथा इसके लिए वे लगातार प्रयास करते रहते हैं।

इस अवसर पर वाणिज्य संकाय से डा. माधुरी अरोरा, डा. रिंकु एस. गोयल, डा. जगमोहन सिंह जादोन, प्रशान्त, डा. सुरेश चन्द शुक्ला, डा. मानसी अरोरा, डा. अजय महेश्वरी, अमन वर्मा, रोहित पाल, प्राची चौधरी आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने हिंडन नदी का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज शनिवार के दिन एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव बुढाना कस्बे की हिंडन नदी पर अपने अधीनस्थों के साथ पहुंची। उन्होंने हिन्डन नदी के किनारे स्थित बुढाना कस्बा और कुछ ग्रामों का भी दौरा किया। उन्होंने वर्षा ऋतु को देखते हुए संभावित बाढ़ की स्थिति से पूर्व ही तैयारियों की समीक्षा की और अपने अधीनस्थ अधिका. रियों को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र व पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र सं. क्रमशः 08530/25.09.2009 व 1843/28.01.2008 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र व पुत्री का नाम क्रमशः अक्ष कश्यप व वाशवि कश्यप अंकित नही कराया था, वास्तविक यही है। भविष्य मे भी इन्ही नामों से जाना जायेगा। दोनो के नाम पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किये गये है।

**पंकज कुमार**
**267/1, गांधी कॉलोनी मु.नगर**
**मो. 9837345556**

### सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र **आरिफ** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। **आरिफ** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **आरिफ** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**हाशिम पुत्र सुलेमान**
निवासी: म0नं0 297, ग्राम शेरनगर, थाना नई मण्डी, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 10227/3.10.2016 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र व संबंधित विभाग में उसका नाम सुचि त्यागी अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जानी जाएगी। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया। कृपया जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कृपा करें।

**बिंदिया त्यागी**
**ग्राम रोहाना खुर्द मुजफ्फरनगर**
**मो 9315430659**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र इरफान चौधरी मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में रहकर आवारा हो गया है। परिवार वालों के समझाने के बाद भी वह अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहा है जिस कारण मैने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मेरे व मेरे परिवार से उसका कोई मतलब वास्ता नहीं रहा। उसके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मै या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**इकबाल पुत्र श्री फिरोज खान**
**निवासी-मकान नं. 1502,**
**पुरबालियान मन्सूरपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी में चमके श्रीराम कॉलेज के होनहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माॅ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बीएससी के षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया। बीएससी के षष्ठम सेमेस्टर की मेरिट सूची में विभु राठी ने 8.35 सीजीपीए, आदर्श सैनी ने 8.30 सीजीपीए और रक्षी ने 8.22 सीजीपीए प्राप्त करके क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मेरिट सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एव अध्यापकों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। उन्होंनें बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकों ने बहुत सहयोग दिया है।

इस अवसर पर श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों द्वारा उच्चतम अंक प्राप्त करने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंनें विभाग के सभी प्रवक्ताओं को उनके सतत प्रयासों के लिए सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलताओं के आकाश को छूने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत कुमार शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर बेसिक साइंस विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ पूजा तोमर ने बताया कि बेसिक साइंस विभाग में बीएससी एवं एमएससी पाठ्क्रमों का संचालन महाविद्यालय में हो रहा है जिसमें विद्यार्थी उच्चतम अंक प्राप्त कर अच्छे परीक्षा परिणाम के साथ महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। संकाय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आर्शीवाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विद्यार्थियों ने शिक्षकों का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर राम कॉलेज के बेसिक साइंस विभाग सभी प्रवक्तागण डॉ ऋषभ भारद्वाज, डॉ राहुल आर्य, डॉ मनोज मित्तल, डॉ रीतु पुंडीर, विवेक, अंजलि गोयल, सचिन शर्मा, रमा मेडियन, महक नाज, मीनल मान, हर्षिता शर्मा, राहुल कुमार, आशीष तिवारी आदि ने सभी को बधाई दी।



# राजकीय पुस्तकालय प्रभारी सम्मानित

■ वेल्फेयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला राजकीय पुस्तकालय में शनिवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें राजकीय पुस्ताकालय में सुविधाएं बढ़ाने पर पुस्तकालय के प्रभारी डा. रणवीर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एसोसिएट डीआईओएस शैलेन्द्र त्यागी पहुंचे। वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान शैलेंद्र त्यागी ने बताया कि पिछले कई महीनों में राजकीय पुस्तकालय की सूरत बदली है। इस श्रेय पुस्तकालय प्रभारी एवं प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह को जाता है। पुस्तकालय में पाठकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इस दौरान सुचित्रा सैनी, संदीप कौशिक, आशीष द्विवेदी, ललित मोहन गुप्ता, रश्मि विनायक, सतेन्द्र सैनी, विपिन त्यागी मौजूद रहे।

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 7526 दिनांक 02.06.25 में गलती से पुत्र का नाम प्रियम चौधरी अंकित कराया गया था जबकि वास्तविक नाम प्रियम है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा।नाम संशोधन आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मंगल सैन पुत्र आदेश जैन**
**निवासी म० न० 208/32**
**साउथ कृष्णापुरी तहसील व**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरा पुत्र आसिफ व पुत्रवधु गुलफशा निवासी नया सरवट गांव-1 थाना सिविल लाइन जिला मुजफ्फरनगर गलत संगत में पड़कर बिगड गए है वह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है उनके गलत आचरण के कारण मैने अपने पुत्र आसिफ व पुत्रवधु गुलफशा को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व परिवार के किसी भी सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**अलीमुद्दीन पुत्र श्री गफूर**
**निवासी-नया सरवट गांव-1**
**थाना सिविल लाइन**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरी शादी अब से करीब 14 वर्ष पूर्व रेशमा पुत्री रफीक उर्फ बाबू निवासी सम्भलहेडा थाना मीरापुर के साथ हुई थी। रेशमा का अपनी मर्जी से बिना किसी रोक रूकावट के लोगो के साथ घूमना शौक रहा था। रेशमा मुझ पर देहरादून में जाकर काम करने का लगातार दबाव बना रही थी। मेरे समझाने के बावजूद भी रेशमा जिद करके बच्चों सहित मेरी सभी जमा पूँजी को लेकर देहरादून चली गयी और बार-बार समझाने पर भी वापिस नहीं आयी। कुछ दिन बाद मुझे जानकारी मिली कि रेशमा कुछ गलत लोगों के सम्पर्क में है। मैने उसे समझाने का प्रयास किया तो रेशमा ने कहा कि तुम मेरे कार्यो में रुकावट करने की कोशिश मत करना। यदि मेरे काम में रूकावट डाली तो तुम्हें भी मेरे पहले पति की तरह ऊपर जाना पड़ेगा नहीं तो जेल में सड़ना पड़ेगा। मेरा रेशमा से आज तक भी तलाक नहीं हुआ है अब मुझे पता चला है कि रेशमा अवैध कार्यो में लिप्त है मैंने रेशमा को पुन: समझाने का प्रयास किया तो उसने पुन: धमकी दी रेशमा के चाल चलन को देखते हुए मैंने उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं उसके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सरताज पुत्र इकबाल**
**निवासी-मन्सूरपुर थाना मन्सूरपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मैंने अपना नाम Altamash से बदलकर Altamash Ali रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना जाये।

**अल्तमश अली पुत्र राशिद अली**
**निवासी-इस्लामनगर तहसील**
**खतौली, मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सद्दाम हुसैन मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी मी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वंय जिम्मेदार होगा।

**गुलाम हुसैन पुत्र शरीफ**
**निवासी ग्राम जौला,**
**थाना व तहसील**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# जगदीश प्रसाद कॉलेज में एथलैटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती प.उ.प्र. की विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी, सरस्वती विद्या मंदिर कैराना के प्रधानाचार्य राजीव कुमार, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा एवं महेश कुमार ने संयुक्त रूप से माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों द्वारा झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उदघाटन सत्र के पश्चात खेल प्रशिक्षक रवि प्रकाश ने प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के नियम व शर्तों के विषय में विस्तार से बताया।

प्रतियोगिता के पहले दिन बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न दौड़ एवं कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आरव अम्बहेटा, सत्यम सहारनपुर, अर्णव सैनी सहारनपुर, 200 मीटर दौड़ में मानिक लाला जगदीश प्रसाद, आशीष लाला जगदीश प्रसाद, संगम अम्बहेटा, 600 मीटर में मानिक लाला जगदीश प्रसाद, 800 मीटर दौड़ में वंश लाला जगदीश प्रसाद, संगम अम्बहेटा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में छवि सैनी कैराना, शगुन पाल भागवंती, 200 मीटर दौड़ में जिया अम्बहेटा, छवि सैनी कैराना, शगुन पाल भागवंती, 600 मीटर दौड़ में हर्षिता शामली, 800 मीटर दौड़ में राधिका शामली, जया मलिक शामली ने अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में बालक वर्ग में राज सिंह अम्बहेटा, सत्यम सहारनपुर, अर्णव सैनी सहारनपुर तथा बालिका वर्ग में जिया अम्बहेटा, वंशिका भागवंती, नंदिनी ने अपने अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विभाग के तीन जिलों मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर के 9 विद्यालयों के 156 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आगंतुक अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी आगामी माह में होने वाली प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस मे सुनी समस्याएं

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल और बुढ़ाना क्षेत्र की एसडीएम अपूर्वा यादव ने आज शनिवार के दिन तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में संयुक्त रूप से बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के काफी लोगों की समस्याएं सुनी। कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तो बाकी शिकायतों का 10 दिन में निस्तारण करने के निर्देश एसपी देहात ने अधिकरियों को दिए। यूपी शासन के निर्देश पर एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल व एसडीएम अपूर्वा यादव ने तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया। सब शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर उनका सही निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर हो। यहां तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, फुगाना सीओ ऋषिका सिंह, एसएसआई ललित शर्मा व नगरीय पीएचसी प्रभारी डॉक्टर सोनू कश्यप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-1153/सा.प्र./2025-26 दिनाक 02/08/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर द्वारा मौहल्ला किदवईनगर स्थित कूड़ा निस्तारण प्लान्ट पर 02 नग Trommel Conveyor etc. (अधिष्ठापन सहित) की आपूर्ति/सप्लाई हेतु अनुभवी फर्म/ठेकेदार/सप्लायर्स/अधिकृत विक्रेता/निर्माता से दरे प्राप्त करने के सम्बन्ध में ई-निविदाए दिनांक 25.08.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 04.08.2025 की प्रातः 10.00 से दिनाक 25.08.2025 की अपरान्ह 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती है। साथ ही निविदादाता को इस आशय का घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा कि निविदादाता की फर्म किसी भी विभाग में ब्लैक लिस्ट तो नहीं है, यह स्वघोषणा पत्र अंकन-100/-रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी करते हुए निविदा खोले जाने से पूर्व मूल प्रति के रूप में कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। अन्य विवरण एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर में आकर अवलोकन कर सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 25.08.2025 को साय 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी तथा निविदा खोले जाने वाली दिनाक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। निम्न कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत प्रस्तावित है। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉगइन कर सकते है।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर | **अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर | **अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर

## किराए पर हॉल उपलब्ध है

डॉ. हारून की कोठी के सामने, सुजडू मैन रोड पर 2600 स्क्वायर फुट तैयार हाल किराय के लिए उपलब्ध है। स्कूल, पॉली-क्लिनिक, अस्पताल, शापिंग सेंटर, शो-रूम कोचिंग सेंटर आदि के लिए उपयुक्त

**सम्पर्क करें**
**हुसैन अहमद**
**7669895967**
**9886045547**

# बस खड़ी करने पर बखेड़ा, चालक व संचालक में नोकझोंक

### बैग फाड़ा, मोबाइल और टिकट मशीन भी तोड़ी, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नेशनल हाईवे-58 स्थित एक रेस्टोरेंट पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब नोएडा डिपो की एक रोडवेज बस पंचर होने के कारण रुक गई। पंचर ठीक कराने के बाद बस मोड़ने को लेकर रेस्टोरेंट संचालक और उनके साथियों ने बस चालक व परिचालक से जमकर मारपीट कर दी। घटना में परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया और सरकारी सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया।

घटना शुक्रवार रात की है। नोएडा डिपो की बस संख्या यूपी-16 नोएडा से हरिद्वार की ओर जा रही थी। बस में चालक कपिल शर्मा व परिचालक सनी कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी जनपद अलीगढ़ ड्यूटी पर थे। जब बस खतौली क्षेत्र में झिलमिल रेस्टोरेंट के पास पहुंची तो अचानक एक टायर पंचर हो गया।

चालक ने बस को रेस्टोरेंट के बाहर खड़ा कर पंचर जुड़वाया और बाद में कट से बस को घुमाने लगा। इसी दौरान रेस्टोरेंट संचालक ने आपत्ति जताई और कहा कि हयह कट हमारा है, जिस पर कहासुनी बढ़ गई।आरोप है कि बहस के बाद रेस्टोरेंट संचालक ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर बस चालक कपिल शर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। चालक को बचाने आए परिचालक सनी पर भी हमला किया गया। हमलावरों ने परिचालक का निगम से मिला बैग फाड़ दिया, जिससे उसमें रखे रुपये गिर गए।

साथ ही उसका मोबाइल फोन व टिकट बनाने की मशीन भी तोड़ दी गई। पीड़ितों ने बताया कि मारपीट की यह घटना पुलिस के सामने भी की गई रही।

सूचना मिलने पर खतौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल परिचालक व चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खतौली भेजा गया। परिचालक सनी की तहरीर पर पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक व अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# माहौल बिगाड़ने की साजिश नाकाम, पुलिस अलर्ट मोड़ पर

### पुलिस ने चार आरोपी दबोचे, दो फरार, जंगल में फायरिंग का वीडियो बताकर खतौली से जोड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना खतौली पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो वायरल कर जनता को गुमराह करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवकों ने एक फायरिंग की पुरानी वीडियो को खतौली थाना क्षेत्र का बताकर वायरल कर दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जांच में सामने आया कि वीडियो का खतौली से कोई संबंध नहीं था। इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए अफवाह फैलाने वालों को पकड़ लिया है, वहीं दो आरोपी अब भी फरार हैं।

**सोशल मीडिया बना अफवाह फैलाने का हथियार:** पुलिस के अनुसार, वायरल वीडियो में दिखाया गया था कि कुछ ग्रामीण जंगल में चोरों पर फायरिंग कर रहे हैं। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर फैला और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। वीडियो को इस तरह प्रस्तुत किया गया जैसे यह घटना खतौली थाना क्षेत्र की हो। जबकि जांच में स्पष्ट हुआ कि वीडियो किसी अन्य स्थान की है और इसे गलत तरीके से क्षेत्रीय नाम जोड़कर वायरल किया गया।

**कस्बे में बिगड़ सकता था माहौल:** वीडियो को लेकर क्षेत्र में भ्रम की स्थिति बन गई थी। असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाई गई इस अफवाह के कारण शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। पुलिस ने तुरंत मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की और आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने चार युवकों शुभम पुत्र रेगा सिंह निवासी खेडा चौगांवां, थाना जानसठ, गुड्डू राठी उर्फ भगत सिंह पुत्र इन्द्रपाल, प्रतीक पुत्र आशीष, यश जाट पुत्र मनोज निवासी खानपुर, थाना खतौली को गिरफ्तार किए गए। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वही दो अन्य युवक भी शामिल थे जो फरार चल रहे गए, जिनमे विकास मावी पुत्र ब्रजपाल निवासी खेडा चौगांवां, थाना जानसठ, अनुज शर्मा पुत्र योगेश शर्मा ख्र निवासी ग्राम गंगधाड़ी, थाना खतौली पुलिस इन दोनों आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खतौली पर मु0अ0सं0 297/25, धारा 353(1)(इ), 292 बीएनएस, 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की फर्जी सूचनाएं फैलाना गंभीर अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले की जांच और गिरफ्तारी में थाना खतौली की सक्रिय पुलिस टीम उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, मनोज सिंह, हेड कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह शामिल रहे।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिए सख्त निर्देश:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के निर्देशन में जिले में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर सख्त नजर रखी जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर समाज में तनाव फैलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। 'जनपद में किसी को भी कानून हाथ में लेने या माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अपुष्ट खबर या वीडियो को बिना जांचे सोशल मीडिया पर साझा न करें। अफवाह फैलाना कानून अपराध है और इसके लिए दंड का प्रावधान है।

# काफी दुकानदार घटतौली कर काट रहे हैं चांदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मुनाफाखोर अपनी जेबों को भरने के लिए हर रोज नए नए तरीके निकालते रहते हैं। इसी क्रम में कुछ दुकानदार के घटतौली कर ग्राहकों की आंखों में धूल झोंक. कर चांदी काट रहे हैं। इस पर प्रशासन मौन है। बुढ़ाना कस्बे के रामछेल तिराहे से लेकर चौधरी चरण सिंह तिराहे तक सैंकडों रेहड़ी व दुकानें है। इनमें से कुछ दुकानदार सामान की मोहंड़ी आगे की ओर सजाकर रखते हैं और वजन तोलने का कांटा और बांट पीछे छिपाकर रखते हैं। अब ग्राहक आगे खड़ा रहकर सामान खरीदता है लेकिन उसे कांटा और बांट दिखाई नहीं देते। अब ऐसे में वह सामान विक्रेता कम तो तोलता ही है लेकिन वहां पहले से ही रखे हुआ सडा सामान तोलता है। ग्राहक ने जो सामान छांटकर दिया उसे निकाल लेता है। दुकानदार तो सामान के साथ डिब्बे का भी वजन तोलकर देते हैं इससे डब्बा सामान के रेट में बिकता है। ये विक्रेता खुलेआम विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 12 व धारा 30 का उलंघन कर रहे हैं जबकि ये उक्त धाराओं में प्रतिबंधित है। इसमें प्रावधान है कि बांट माप विभाग ऐसे लोगों पर 5 से लेकर 50 हजार रुपयों तक का जुर्माना लगा सकता है लेकिन इस पर प्रशासन मौन है व इसी का लाभ लेकर दुकानदार घटतौली कर खूब चांदी काट रहे हैं।

# व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले अधिकारी घिरेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के कार्यालय पर अहम बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग और प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष चंद्र धीमान मुख्य रुप से शामिल हुए। वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा करते हुए नगर की कार्यकारिणी का आगामी 4 वर्ष के लिए गठन किया गया साथ ही व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए चेतावनी दी गई कि व्यापारियों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं होगा। सड़क पर उतरकर व्यापारी आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि अगर कोई अधिकारी व्यापारियों को परेशान करेगा तो मौके पर ही व्यापारी उस अधिकारी का पुरजोर विरोध करते हुए घेराव करेंगे। उन्होंने व्यापारियों को सुरक्षा का माहौल देने के लिए मुख्यमंत्री योगी



का आभार जताते हुए कहा कि व्यापारियों के सामने विभिन्न समस्याएं हैं। जिनका समाधान किया जाना व्यापारी हित में आवश्यक है। व्यापारी समाज की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं का समाधान और संगठन की एकता ही हमें मजबूत बनाएगी। हमारा लक्ष्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और उनके लिए बेहतर नीतियां सुनिश्चित करना है। 14 सितंबर को गाजियाबाद में एक प्रांतीय चुनावी व्यापारी सम्मेलन आयोजित होगा। इस सम्मेलन में प्रदेश भर के सभी जिलों से हजारों व्यापारी भाग लेंगे। सम्मेलन में 04 वर्षों के लिए नई प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से पूर्व निर्धारित चुनाव अधिकारियों की देखरेख में संपन्न होगा। यह सम्मेलन संगठन की एकता और व्यापारियों के हितों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष धीमान ने बताया कि लगातार मांग उठाई जा रही है कि व्यापारियों का जो दुर्घटना बीमा स्लैब 10 लाख है वो 20 लाख किया जाए। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यापारियों को 03 हजार रूपए प्रतिमाह पेंशन दी जाए और भी बहुत समस्याएं हैं जिन्हें सरकार स्तर पर मजबूती से लगातार उठाया जा रहा है। यहां बुढाना नगर कार्यकारिणी की घोषणा मे नगर अध्यक्ष अनुज गर्ग, महामंत्री डॉक्टर इसरार अहमद व मीडिया प्रभारी अंकुर त्यागी बने। यहां जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, जिला मंत्री रवि वर्मा, बुढाना नगर कोषाध्यक्ष सचिन वर्मा, रणधीर सैनी, सौरभ अग्रवाल, ललित शर्मा टीटू, लक्की गर्ग, अमीर हसन, जय सैनी, सागर कश्यप, रितेश लाला, रणधीर सैनी और सुरेंद्र संगल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमाण पत्र न बनाए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** डाक्टर भीमराव अम्बेडकर बौद्ध ट्रस्ट रजिस्टर्ड मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार के दिन तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव को कोरी भुइयार समाज के दर्जनों लोगों ने उत्तर प्रदेश में गैर अनुसूचित जाति समुदाय जैसे जुलाहा सामान्य जाति के व्यक्तियों द्वारा कोरी भुइयार अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र न बनाये जाने के सम्बन्ध में तीन पृष्ठों का एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मुजफ्फरनगर जिले की तहसील सदर, खतौली, बुढ़ाना व जानसठ में सामान्य जाति के कुछ व्यक्ति अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाकर अनुचित रूप से लाभ लेना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी ट्रस्ट ने कई प्रार्थना पत्र व ज्ञापन दिये और बताया कि मुजफ्फरनगर जिले में कोरी भुइयार जाति के व्यक्ति निवास नहीं करते हैं बल्कि यहां पर जुलाहा सामान्य जाति के व्यक्ति ही निवास करते हैं। जिनके सम्बन्ध में हमारे द्वारा कई ग्रामों से सूचना एकत्र की गई है। इसलिए पूरे यूपी में कहीं पर भी गैर अनुसूचित जाति समुदाय जैसे जुलाहा सामान्य जाति के लोगों के कोरी भुइयार अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र न बनाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में ट्रस्ट महासचिव एडवोकेट राजबल सिंह राणा, कोषाध्यक्ष रामदास सलेमपुर, मोती सिंह, बाबू सिंह, हरभजन सिंह, अरुण कुमार, चतर सिंह, जगदीश, जय प्रकाश, सुरेंद्र कुमार, रमेश, ओमपाल, राजकुमार, रविंद्र एडवोकेट, ओमप्रकाश एडवोकेट, संजीव और राजपाल आदि लोग मौजूद थे।

### राकेश बने शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**भोपा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा राकेश कुमार शिक्षक उच्च प्राथमिक विद्यालय भोकरहेडी को मोरना ब्लॉक् अध्यक्ष व कंपॉजिट विद्यालय भुवापुर के शिक्षक सुन्दरलाल को सर्वसम्मती से मन्त्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे शिक्षकों ने भाग लेकर एक जुटता का आह्वान किया।

भोपा स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश राठी ने कहा की संगठन शिक्षकों के हितो के लिये आगे आकर कार्य करेगा। किसी भी शिक्षक के शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा आज सरकारी विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। उन डिग्रीधारियों का भविष्य क्या होगा जिन्होने शिक्षक बनने के लिए बड़ी महनत की।राकेश बालियान ने कहा की संगठन का विस्तार किया जायेगा एकजुटता के साथ शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी जायेगी।वहीं हरबीर सिंह, ऋषिराज सिंह,आलोक शर्मा, मुनेश कुमार ने अपने सम्बोधन मे आपसी एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवकुमार, बालेन्द्र कुमार, अखलाक अहमद, नाथीराम, विनोद कुमार स्नेही, मनोचा खंडेलवाल, रियाजुल हसन, अनुज पंवार, अनिल कुमार, मंजू पंवार, निशा, सपना, रवि कुमार, अतुल कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार,अक्षय कुमार,राजीव कुमार,रवि कुमार, कुलदीप कुमार,अजय कुमार, राजन वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2025 जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज रवापुरी सठहेड़ी में 31 जुलाई को आयोजित की गई। इस जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न स्कूलों से कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने संस्कृत गीत और प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

शारदेन स्कूल मुजफ्फरनगर से मान्या वर्मा व आयति जैन ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में दोनों छात्रों ने अपना अपना हुनर बखूबी दिखाया तथा मान्या वर्मा ने प्रथम स्थान व आयति जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी गणमान्य लोगों ने जीत हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के डायरेक्टर विश्वरत्न एवं प्रधानाचार्य धारा रतन ने दोनों छात्राओं को जीत पर बधाई दी और उन्हें आशीर्वाद दिया कि वह अपने भविष्य में निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ती रहे। छात्राओं को यह भी समझाया कि प्रतियोगिता प्रतियोगिता होती है घबराने की कोई बात नहीं। जीत और हार समय के साथ चलता रहता है। इसलिए कभी पीछे नहीं हटना चाहिए और अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### रालोद ने सदस्यता अभियान को दी गति

**खतौली।** खतौली विधानसभा क्षेत्र के गांव नावला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक दल की एक अहम बैठक संपन्न हुई। यह बैठक केंद्रीय मंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में कई लोगों को सक्रिय सदस्य बनाकर पार्टी से जोड़ा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र त्यागी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव विजय आर्य ने किया। बैठक में रालोद जिला अध्यक्ष संदीप मलिक, विधानसभा अध्यक्ष जगदीश आर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय राठी, क्षेत्रीय महासचिव धर्मेन्द्र तोमर, प्रधान भूपेंद्र राठी, पंकज राठी समेत अनेक वक्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल ही किसानों, गरीबों और मजदूरों की सच्ची हितैषी पार्टी है। पार्टी हमेशा से उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी संघर्षरत रहेगी।

# विधायक ने किया क्रिकेट टुर्नामेंट का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर के मलहुवाला मैदान पर रात्रि मे आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ चरथावल विधायक पंकज मलिक ने फीता काटकर किया मैदान पर दर्शकों कि भारी भीड़ उमड़ी बताते चले कि चरथावल के मलहुवाला मैदान पर रात्रि मे सफेद लाइट के प्रकाश मे दस दस ओवर के मैच कमेटी द्वारा आयोजित किए जा रहे हैस इस टूर्नामेंट मे बहुत दूर दूर से टीमें भाग लेने के लिए कमेटी से सम्पर्क कर रही हैस टूर्नामेंट का शुभारम्भ करते हुए विधायक पंकज मलिक ने कहा कि खेलो से जहाँ शारीरिक विकास होता है वही ग्रामीण अंचलो से बड़े बड़े खिलाडी निकलकर आते है जिससे वह देश प्रदेश स्तर तक पहुंचकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैस खेल के दौरान बारिश होने के बाद भी विधायक का जज्बा कम नहीं हुआ और बारिश मे भीगकर विधायक ने क्रिकेट कमेटी का हौसला बढ़ाते हुए वर्षा के दौरान भी विधायक पंकज मलिक ने क्रिकेट खेलकर दिखा दिया कि वह अपने खिलाड़ियों कि भावनाओं कि पूरी पूरी कद्र करते हैस मैदान पर मौजूद हजारों दर्शकों कि भीड़ ने पंकज मलिक विधायक के जमकर नारे लगाते हुए कहा कि क्षेत्र को ऐसा विधायक खुशकिस्मती से मिलता है इस दौरान कमेटी द्वारा विधायक का जोरदार स्वागत किया गया विधायक पंकज मलिक ने कमेटी का पूरा



हौसलाअफजाई कि इस दौरान डाक्टर नौशाद, आसिफ त्यागी डायरेक्टर, मोनू त्यागी, हारून त्यागी, जावेद शाह,युवा नेता मोईन त्यागी, दिलशाद नंबरदार, सलीम मलिक सभासद, फराद शाह, अथर त्यागी, साकिर,हाफिज हारून, प्रवेज मेंबर सहित हजारों दर्शकों कि भीड़ मौजूद रही

## सम्मान निधि चेक देने के नाम पर डाकघर कर्मचारी मांग रहे सुविधा शुल्क

**चरथावल।** नगर के डाकघर के कर्मचारियों पर किसान ने किसान सम्मान निधि चेक करने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाते हुए। डाकघर के कर्मचारियों पर कार्यवाही कि मांग कि है जानकारी के अनुसार जहाँ देश के अन्नदाता किसान को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्यादा से ज्यादा सुविधा देना चाहते है। और सन 2019 मे प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी किसानो को लाभ देने के उद्देश्य से किसान सम्मान निधि योजना चालू कि गयी थी इस योजना के तहत देश के प्रत्येक पात्र किसान को एक साल के अंदर तीन बार दो दो हजार रुपए किसान सम्मान निधि के तहत दिए जाते है। जिससे कि देश के किसान को आर्थिक लाभ मिल सके और देश का अन्नदाता किसान ज्यादा से ज्यादा खुशहाल हो सकेस लेकिन अब भी कुछ ऐसे कर्मचारी है जोकि सरकार कि छवि को जमकर पलिता लगा रहे है। और किसानो के साथ खिलवाड़ कर रहे है ऐसा ही उदाहरण आज चरथावल के डाकघर मे देखने को मिला नगर के ही किसान असलम और एक अस्सी वर्षीय महिला किसान खुर्शीदा अपनी किसान सम्मान निधि कि राशि को चेक कराने के लिए चरथावल डाकघर गयी थी दोनों ही किसानो ने आरोप लगाया है कि डाकघर के कर्मचारियों ने किसानो कि सम्मान निधि चेक करने से इंकार कर दिया और सम्मान निधि चेक करने के नाम पर अलग स्थान पर ले जाकर सुविधा शुल्क मांगने लगे। जिसके बाद किसान असलम द्वारा रोष प्रकट किया गया और दोषी कर्मचारियों कि शिकायत आलाधिकारियो से करने कि बात कहते हुए कार्यवाही कि मांग कि है फिलहाल यह मामला क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है ।

जब इस संबंध मे एसडीम सदर से जानकारी कि गयी तो कहा कि शिकायत मिलने पर जाँच के बाद दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही कि जाएगी।

## किसान आर्मी एकता भारत मिशन के अध्यक्ष बने कादिर

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला के रहने वाले डॉक्टर अब्दुल कादिर को आज शनिवार के दिन किसान आर्मी एकता भारत मिशन संगठन का सहारनपुर मंडल का नया अध्यक्ष बनाया गया है। किसान आर्मी एकता भारत मिशन संगठन के संस्थापक चौधरी शादान ने यह नियुक्ति की है।

अब उनकी लगन और मेहनत को देखते हुए उन्हें किसान आर्मी के प्रमुख चौधरी शादान ने मौहम्मद वाहिद अली के दिशा निर्देश पर सहारनपुर मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। डॉक्टर अब्दुल कादिर किसान परिवार से आते हैं और हमेशा किसानों की आवाज को उठाने का काम करते हैं।

बताया जाता है कि उनकी इस नई नियुक्ति से गांव जौला में उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर बताई गयी है।

# महिला कारागार में बांटी गई सामग्री किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को आधार शिला ग्रामोत्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में जिला कारागार, मुजफ्फरनगर की महिला बैरक में दैनिक सामग्री किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में रमेश चंद भाटी, प्रमुख समाजसेवी द्वारा कारागार की महिला बैरक में निरुद्ध समस्त महिला बंदियों को दैनिक आवश्यक सामग्री की किट वितरित की गयी। साथ ही महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे बच्चों को फल एवं चॉकलेट भी वितरित की गयी। कारागार की महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों एवं साथ रह रहे बच्चों के हितार्थ परोपकारी कार्य करने के लिए जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने रमेश चंद भाटी एवं समाजसेवी संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। परोपकार एवं पुण्य के कर्म से आत्मा पवित्र होती है। इस कार्यक्रम के लिए समाजसेवी सतेन्द्र आर्य, बबलू शर्मा, उत्कर्ष, राज भाटी का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान नीरज कुमार वास्तव, जेलर, डॉ. परितोष मुद्गल शर्मा, जेल चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रावण आराधना की भक्ति में लीन हुआ शिवपुरी

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। श्रावण मास के उपलक्ष्य में 10 जुलाई गुरुपूर्णिमा से चल रही संध्याकालीन महाआरती का आयोजन 9 अगस्त श्रावण पूर्णिमा तक अनवरत जारी रहेगा। प्रत्येक संध्या यजमान परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक व आरती की जा रही है। 1 अगस्त शुक्रवार की संध्या को आयोजित महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में संजीव अग्रवाल व उपासना अग्रवाल तथा सुनील बजाज व ममता बजाज ने पूरे परिवार संग आरती कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती से पूर्व पारंपरिक रूप से रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।



झारखंड महादेव देवालय की विशेषता यह है कि यह मराठा कालीन सिद्धपीठ मंदिर झाड़ियों के बीच स्थित था, जिससे इसका नाम श्झारखंडश पड़ा। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि यहां आकर सच्चे मन से मांगी गई हर मनो. कामना भोलेनाथ पूर्ण करते हैं। आरती कार्यक्रम में नगर के अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल सहित मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, शुभम टेलर्स, रमेश कुमार, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), अनिल वर्मा ज्वैलर्स, प्राची अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, मिथलेश माहेश्वरी, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, पूनम देवी, विमला देवी, मालती शर्मा, कृष्णा वर्मा, शशि उपाध्याय, आरती, ऐशवती गोस्वामी व नीरज मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

# मेले छड़ियान को लेकर व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** छड़ियांन में लगने वाले मेले को लेकर व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने एक बार फिर अपनी नाराजगी जताते हुए शनिवार को एसडीएम राजकुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने मेले में हो रहे ध्वनि प्रदूषण, अवैध दुकानें, वाहन पार्किंग की अव्यवस्था और मेला स्थल को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराई हैं।

व्यापारियों का कहना है कि मेले में दिन-रात लाउडस्पीकर का अत्यधिक प्रयोग किया जाता है, जिससे आसपास के अस्पतालों और रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि मेले में लाउडस्पीकर पूरी रात बजते रहते हैं, जबकि नियमानुसार मेला रात्रि 11 बजे बंद कर दिया जाना चाहिए।



इसके अलावा व्यापारियों ने बताया कि मेला गोगा मांढी से नहर तक लगता है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मांढी के पीछे भी अवैध रूप से दुकानें लगवाई जा रही हैं, जो पूरी तरह से नियमों का उल्लंघन है। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मेले में आने वाले वाहन, रिक्शा और घोड़ा-तांगा, व्यापारियों की दुकानों के सामने खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे ग्राहकों की आवाजाही में परेशानी होती है और व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। व्यापारियों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि न्यायालय द्वारा मेला स्थल को जीटी रोड से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया है, बावजूद इसके अभी भी मेला जीटी रोड पर ही भरता चला आ रहा है, जो कि आदेश की अवहेलना है। व्यापारियों ने एसडीएम से मांग की है कि मेला क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाई जाए, वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए, दुकानदारी के सामने वाहनों को खड़ा करने पर पाबंदी हो, अवैध रूप से लगाई जा रही दुकानों को तुरंत हटाया जाए।

न्यायालय के आदेश का पालन कर मेला स्थल को स्थानांतरित कराया जाए। एसडीएम राजकुमार ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मेला व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालो में रमेश चंद, संजय गुप्ता, मदन छाबड़ा, किशन चंद, दीपक शर्मा, आशीष कुमार, निशांत कुमार, इकबाल अहमद, आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने तीन गांवों में की किसान संवाद पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन ने ब्लॉक बुढाना में किसान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत 3 गांवों रियावली में ग्राम अध्यक्ष मोमीन, भनवाड़ा में ग्राम अध्यक्ष अबरार व टोढा में मास्टर सैय्यार के आवास पर पंचायत आयोजित की। सब पंचायतों में मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी द्वारा जिले के क्षेत्रीय पदाधिकारियों समेत अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई। चौधरी नवीन राठी ने सब पंचायतों में अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि सब ब्लॉक अध्यक्ष नियमावली अनुसार प्रत्येक गांव में और अधिकृत कार्यकारिणी में जल्द अध्यक्ष नियुक्त करें और 13 अगस्त को शीर्ष नेतृत्व के आह्वान के तहत होने वाले ट्रैक्टर मार्च की तैयारी भी जोरों शोरों से करें। यूनियन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 13 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च निकालकर अधिकृत अधिकारियों को किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए एक



ज्ञापन यूनियन द्वारा केंद्र सरकार के नाम प्रेषित किया जाएगा।

जिला मीडिया प्रभारी चौधरी शक्ति सिंह, जिला महासचिव मनीष अहलावत, मंडल उपाध्यक्ष अंकित राठी, साहिल शान, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष बुढ़ाना सुधीर सहरावत, अंकुर बालियान, पिंटू गढ़ी व इसरार नगर अध्यक्ष बुढ़ाना द्वारा अपना वक्तव्य रखते हुए 13 अगस्त को होने वाले ट्रैक्टर मार्च में चलने के लिए सबसे अपील की व सब पंचायतों में किसानों का भरपूर समर्थन व 13 अगस्त के लिए भी व संगठन की मजबूती के लिए भी आश्वस्त कराया गया और भनवाड़ा में हुई पंचायत में किसान सेना के पदाधिकारी मूसा ठेकेदार समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बाबा टिकैत व संगठन में आस्था व्यक्त कर किसान सेना छोड़ यूनियन की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर भारी संख्या में किसान कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवक को चोर समझ लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के कस्बा गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव में सुबह-सुबह एक अनजान युवक के दिखाई देने पर कुछ लोगों ने उसे चोर समझ लिया। इसके बाद युवक के साथ न सिर्फ मारपीट की गई, बल्कि उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है।

मिली जानकारी में जनपद बरेली के थाना सुभाषनगर के रहने वाले प्रमोद पुत्र नेकपाल 27 जुलाई को ग्राम भैंसवाल जनपद शामली में यशपाल पुत्र ब्रह्मसिंह के यहां खेती नौकरी के कार्य हेतु आया था। काम की अधिकता के चलते प्रमोद 31 जुलाई की सुबह लगभग 5:30 बजे गांव से निकला, लेकिन रास्ता भटककर कस्बा गढ़ी पुख्ता पहुंच गया। वही कस्बा निवासी राजीव कुमार पुत्र ओमबीर सिंह ने थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ला कश्यपुरी कस्बा गढ़ी पुख्ता में मजदूर प्रमोद को देखकर कुछ स्थानीय लोगों कृ जिनमें अहतराम पुत्र मौलाना इकराम, आकिल पुत्र गय्यूर अली, शेरखान पुत्र वकील निवासी सुभाषपुरी आदि ने प्रमोद को चोर समझ लिया और 10.15 लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान गाली गलौज भी की गई और माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से वीडियो बनाकर वायरल कर दी गई। आरोप है की स्थानीय लोगों को भड़काकर यह अफवाह फैलाई गई कि युवक चोरी की नीयत से आया था। राजीव कुमार द्वारा दी तहरीर में बताया की जैसे ही हम घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक आरा. पी जान से मारने की धमकी देकर भाग चुके थे।जिससे इस घटना से समाज में भय व अस्थिरता का माहौल बना। वही पुलिस ने भी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए अहतराम, आकिल, शेरखान और गद्धन पुत्र पवन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। और भी लोगों की वीडियो फोटोस के मदद से पहचान की जा रही है।

# समाधान दिवस में अधीक्षण अभियंता विद्युत रहे अनुपस्थित डीएम ने दिए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज तहसील ऊन के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग की शिकायत पर डीएम द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित पाएं जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 33 शिकायतें पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मात्र-03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों का समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अत: शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द,सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा तहसील शामली में सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी, शामली की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज अपर जिलाधिकारी के समक्ष 45 शिकायती पत्र निस्तारण हेतु रखे गए। प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 04 शिकायत का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

**कैराना।** शनिवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 43 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से पांच शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। सीडीओ ने अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों के धरातलीय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार सतीश यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटरों के विरोध में ग्रामीणों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के ग्राम भैंसानी इस्लामपुर में शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटरों को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन स्थानीय बिजलीघर परिसर में किया गया। बैठक में जूनियर इंजीनियर उपखंड अधिकारी और संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिक और जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में प्रस्तावित स्मार्ट मीटरों की स्थापना को लेकर चर्चा करना था। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों के आने से बिलों में अनियमितता और उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ सकता है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिना लिखित सहमति के कोई भी घर में स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से मीटर लगवाना चाहता है, तो उसे एक लिखित पत्र में स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि वह स्वयं की इच्छा से स्मार्ट मीटर लगवा रहा है और उसके परिणामों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।शाम के 6 बजे के बाद किसी भी उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही नहीं की जाएगी।

यदि कोई अधिकारी इस नियम का उल्लंघन करता है, तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। यह बात अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखी गई है।बिना अनुमति किसी भी अधिकारी द्वारा घर में प्रवेश नहीं किया जाएगा। साथ ही, यदि किसी अधिकारी को घर में प्रवेश करना हो तो उसके साथ महिला कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुपालन न होने पर ग्रामीणों से वीडियो रिकॉर्डिंग कर पुलिस को सूचित करने की अपील की गई है।बिजली बिल बनाने के दौरान यदि घर में कोई पुरुष जिम्मेदार मौजूद नहीं है, तो अधिकारी को इंतजार करना होगा।

बिल तभी बनाया जाए जब घर का कोई पुरुष सदस्य उपस्थित हो।इस बैठक में युवा जिला अध्यक्ष किसान मजदूर संगठन शहजाद पुंडीर, आसिफ पुंडीर, मुहम्मद शकील शेख, राव वसीम, मुकम्मिल पहलवान,राव दानिश, अदनान, मोहम्मद अल्ताफ, राव तैमूर, और आरिफ यूनुस सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि गांव की सहमति के बिना कोई भी तकनीकी बदलाव जबरन न किया जाए, जिससे क्षेत्र में शांति और भरोसा बना रहे।

# विद्युत पोल व लाइनें स्थापित कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में विद्युत पोल व लाइनें स्थापित कराए जाने की मांग की है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में मामले से सम्बंधित प्रार्थना-पत्र दिया है।

शनिवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि कस्बे के तीतरवाडा मार्ग, मोहल्ला अफगानान में स्थित नवाब तालाब के निकट एवं भारत बैंक्विट हॉल के सामने गली में अनेक स्थानों पर विद्युत खंभे तथा लाइनें न होने के कारण स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। मोहल्ला अफगानान में बांस के सहारे विद्युत लाइन की अस्थाई व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है। मामले के सम्बंध इससे पूर्व विगत 19 मई को भी एसडीएम को संबोधित प्रार्थना-पत्र तहसीलदार कैराना को देकर व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई थी, जिस पर आजतक कोई सुनवाई नही हुई। पत्र में समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई है। इस दौरान कुर्रत मेहदी, जौहर अली, फैसल, सुहैल, शाहजान, लुकमान-उल-हक मौजूद रहे।

## एक नजर

### लूट की झुटी सूचना से पुलिस में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना फाटक के समीप दिन दहाड़े लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला मारपीट का निकला पुलिस ने राहत की सांस ली। शनिवार को बागपत जनपद के गांव दहा निवासी कासिम पुत्र अली हसन ने पुलिस को सूचना दी कि उसके साथ बदमाशों ने मारपीट करते हुए हजारों की नगदी लूट ली और बदमाश फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और पीड़ित व्यक्ति से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने लूट की घटना की जांच पड़ताल की तो मामला मारपीट का निकला पुलिस ने सूचना झूठी निकलने पर राहत की सांस ली। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने पुलिस को लूट की सूचना दी थी पुलिस जांच मे सूचना झूठी निकली और मामला मारपीट का निकला है पुलिस जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी किए ट्रेक्टर सहित दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 1.8.2025 को वादी सुधीर कुमार पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बिरालसी थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर ने बनत चौराहे के पास से अज्ञात चोर द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दी थी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें लगी हुई थीं। इसी क्रम में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई ट्रैक्ट चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त 2 अभियुक्त को चोरी किए हुए ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण रवि कुमार पुत्र सतपाल निवासी ग्राम बुडिया थाना मुलाना जनपद अम्बाला (हरियाणा), साबिर पुत्र रुकमदीन निवासी ग्राम मलकपुर थाना कांधला जनपद शामली है।

### एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 30.7.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबा. लिग युवती के साथ अभियुक्त द्वारा छेडखानी, अभद्र टिप्पणी व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। इसी क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा युवती के साथ छेडखानी, गाली गलौच व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राशिद पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला सरवरपीर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### कौशल रथ कार्यक्रम में कम्प्यूटर की ट्रेनिंग दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा बनत स्थित देवी उमराकौर इंटर कॉलेज में शनिवार को कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित कौशल रथ कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर से सुसज्जित विशेष बस के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान ट्रेनिंग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से कस्बा बनत स्थित देवी उमराकौर इंटर कॉलेज में कौशल रथ कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर से सुसज्जित विशेष बस के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग दी गई। शनिवार को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थानाभवन विधायक अशरफ अली, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक हो गया है और सरकार द्वारा चलाई जा रही यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगी। कस्बावासियों ने कार्यक्रम का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया। उनके साथ प्रधानाचार्य डीपी राणा, मुकेश सैनी, विजय कौशिक, ऋषिराज, अरविन्द झाल, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, ललित चौधरी मौजूद रहे।

### वृद्ध महिला पर बंदरों के झुंड ने बोला जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में घर के आंगन में बैठी एक वृद्ध महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर महिला को घायल कर दिया पीड़ित महिला के परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को छुट्टी दे दी। नगर एवं क्षेत्र में बीते दो महा से लगातार बंदर एवं आवारा कुत्ते खूंखार होते जा रहे हैं। जो सैकड़ो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं प्रशासन आवारा बंदरों एवं कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान नहीं चल रहा है। शनिवार की सवेरे थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी वृद्ध महिला कलादेवी अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी परिजनों के अनुसार तभी बंदरों के एक झूंड ने अचानक से वृद्ध महिला पर हमला बोल दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन डंडे लेकर बंदरों की झुंड की ओर दौड़े और मौके से भगाया। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर छुट्टी दे दी। चिकित्सक प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई गई है दो और वैक्सीन लगाई जाएगी महिला के परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

# समाजवादी व्यापार प्रकोष्ठ ने कांधला में लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कांधला में समाजवादी व्यापार सभा द्वारा आयोजित फ्री मेडिकल कैंप का उद्घाटन किया। कैंप में डा। अक्षय मलिक एवं डा। अनिल द्वारा मरीजों का चेकअप किया गया और उनको परामर्श देते हुए निशुल्क दवाओं को वितरण किया गया। कैंप को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि जनहित के लिए चलाए गए कार्यक्रम के लिए समाजवादी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विपुल गोयल एवं महासचिव राजकुमार यादव ने सराहनीय कार्य किया है। इससे गरीब लोगों को कैंप में जांच कराकर दवा मिल सकेगी।

# हंसिका ने सीबीएसई क्लस्टर में रचा इतिहास





**मेरठ में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतकर किया विद्यालय का नाम रोशन, सरस्वती पब्लिक स्कूल शेखूपुरा में 8वीं कक्षा की छात्रा है हंसिका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेखूपुरा में स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा हंसिका रावत ने सीबीएसई क्लस्टर-2025 के अंतर्गत मेरठ में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल कुमार ने हंसिका रावत को विद्यालय पहुंचने पर स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, यह न केवल शारीरिक रूप से हमें मजबूत बनाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य ने छात्रों को खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, सुंदर लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण आदि में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी, ताकि वे बहुआयामी प्रतिभा के धनी बन सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुखपाल सिंह चौहान समेत समस्त विद्यालय स्टाफ ने हंसिका रावत को आशीर्वाद और शुभकामनाएं ज्ञापित की।

# आत्मा का अपना गुण होता है इसे शुद्ध रखें: विव्रत सागर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर मुनिराज शनिवार को जैन धर्मशाला में प्रवचन करते हुए बता रहे हैं कि जैन धर्म को प्राप्त करना भावों की विशुद्धि से होता है, जो कि आत्मा का निज धर्म या स्वभाव है। आत्मा के अपने गुण और अवगुण होते हैं, जिन्हें अपनी .ष्टि से देखना महत्वपूर्ण है, न कि दूसरों के अवगुणों को देखकर हंसना।

शनिवार को अपने प्रवचनों में जैन मुनि ने कहा कि क्रोध अवगुण है। क्षमा को सामान्यत: गुण माना जाता है, पर अध्यात्म में, यदि क्षमा का भाव भी पर के निमित्त से आता है और बंध का कारण बनता है, तो वह भी अवगुण है। सच्चा गुण आत्मा में स्वयं से उत्पन्न सहज और उत्तम क्षमा है, क्योंकि पुण्य भी आत्मा के संसार में बंध का कारण बनता है। शत्रुता का भाव अवगुण है। मित्रता का भाव भी आध्यात्मिक दृष्टि से अवगुण है क्योंकि इसमें राग होता है और यह द्वेष को जन्म देता है, तथा इसमें जाति, उम्र, पद जैसी शर्तें होती हैं। मैत्री भाव ही सच्चा गुण है। मैत्री भाव एकाकी होता है, बिना किसी शर्त के सभी जीवों के प्रति होता है, और इसमें राग नहीं होता। यह धर्म के मार्ग का पहला सोपान है और निर्वाण की यात्रा कराता है। मित्रता भाव संसार में भटकाता है क्योंकि जहां राग होता है, वहां द्वेष नियम से होता है।

एक कहानी द्वारा समझाया गया कि कैसे आचार्य गुरुदेव ने रात भर चींटियों के शरीर पर चढ़ने के बावजूद पद्मासन में बैठकर मैत्री भाव का पालन किया। यह दर्शाता है कि मैत्री भाव में यह फर्क नहीं पड़ता कि दूसरा व्यक्ति या जीव आपके साथ कैसा व्यवहार कर रहा है, बल्कि स्वयं का भाव सभी के प्रति शुद्ध होना चाहिए। चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन राजबाला जैन अंजलि जैन द्वारा, पाद प्रक्षालन पाल जैन, ममलेश जैन द्वारा एवं शास्त्र भेंट मुनि विव्रत सागर की दिल्ली से आई गृहस्थ अवस्था की बुआ व बहन प्रियंका जैन द्वारा किया गया।

# भारतीय पूर्व सैनिक संगठन ने की शहीद स्मारक की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से भारतीय पूर्व सैनिक संगठन ने पत्र देते हुए शहीद स्मारक बनवाने की मांग की है। मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से बात कर जनपद शामली में शहीद स्मारक के साथ-साथ कैंटीन बनवाने के लिए वार्ता की जाएगी।

भारतीय पूर्ण सैनिक संगठन जनपद शामली के सदस्य पूर्व सैनिकों ने थाना भवन पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से जनपद में शहीद स्मारक बनाने की मांग रखी उन्होंने बताया कि जनपद शामली के निवासियों ने सेना में रहते हुए सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर वीरगति पाई है। उन्हें बताया कि इसके बावजूद जनपद शामली के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोई भी शहीद स्मारक नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए जनपद में एक स्थान चिन्हित कर आवंटित कराया जावे तथा शहीद स्मारक बनवाया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने पूर्व सैनिकों को जल्द स्मारक बनाए जाने के लिए आश्वासन दिया। उधर फोन पर हुई वार्ता के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि जनपद में स्मारक भवन के साथ-साथ एक कैंटीन, शाहिद सैनिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं आदि के लिए एक भवन बनाए जाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता की जाएगी तथा जल्द से जल्द स्मारक भवन बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# किसान निधि की किस्त मिलने से चेहरे खिले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के विकासखंड सभागार में किसान गोष्ठी आयोजित कर किसानों को जागरूक किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में किसान सम्मन निधि की 20वीं किस्त जारी की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हित के लिए लगातार योजनाएं निकल रहे हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मन निधि की 20वीं किस्त किसानों के खाते में जारी की। किसान सम्मन निधि की रकम किसानों के खाते में आने से किसानों के चेहरे खिल उठे। नगर के विकासखंड सभागार में किसान गोष्ठी आयोजित की गई।

किसान गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक ने किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसानों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इस दौरान समा. जसेवी जुनेद अली,जयदेव सिंह, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## नियमित टीकाकरण अभियान चलाया

**शामली।** जनपद शामली को राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झिंझाना पर आज नवीन कोल्ड चेन का उद्घाटन आज डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डा. करन चौधरी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उक्त कोल्ड चेन के माध्यम से झिंझाना क्षेत्र में आने वाले समस्त सब सैन्टरो पर नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 16 साल के समस्त बच्चों के होने वाले टीकाकरण हेतु वैक्सीन वितरित की जाएगी। उक्त कोल्ड चेन के उद्घाटन के समय डा. तरूण चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक सामु. स्वा के ऊन, डा शशीकान्त चिकित्सा अधीक्षक, सामु स्वा के झिंझाना, देवेन्द्र कुमार फार्मासिस्ट, परवेज तालिब, वी.सी.सी.एम., मनसूर अली यूविन कोर्डिनेटर एवं अमित कुमार स्टाफ नर्स व अन्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# तमंचे से आतंकित कर नकदी व जेवरात लूटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पटनी गांव में देर रात्रि के समय एक घर मे घुसे अज्ञात आधा दर्जन बेखौफ बदमाशों ने दम्पत्ति को तमंचे से आतंकित करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। तहरीर मिलने पश्चात पुलिस टीम द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

ज्ञात हो कि हाल ही में सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला शौलाल में इनाम पुत्र फुरकान के घर मे हुई चोरी की एक घटना का खुलासा पुलिस टीम कर भी नही पाई है कि शुक्रवार को रात्रि के समय बेखौफ चोरों ने ग्राम पटनी में एक घर पर अपना धावा बोलते हुए चोरी की घटना को अंजाम दे डाला है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव की जमाईगढ़ कॉलोनी में गांव के बाहरी छोर पर ही नौशाद पुत्र इंतजार का मकान स्थित है। पीड़ित के बताए अनुसार रात्रि लगभग 11:30 बजे उसने दो चोरो को अपने घर में घुसते



देखा तो उसने एक सरिया उनके ऊपर फेकते हुये शोर मचा दिया। रात्रि में पहरा दे रहे ग्रामीण उसका शोर सुनकर मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने पीड़ित नौशाद को साथ लेकर आसपास के जंगल में चोरो की तलाश की लेकिन कोई नही मिला।

पीड़ित नौशाद का कहना है कि उक्त घटना से काफी देर पश्चाता रात्रि में पहरा देने वाले व आसपास के अन्य लोगों के वहां से चले जाने के बाद करीब 2:00 बजे अचानक आधा दर्जन बदमाश जिन्होंने काले कपड़े से अपने मुँह ढाँप रखे थे व काले बनियान पहने हुए थे उसके घर में घुस आये तथा पीड़ित के साथ मारपीट व उसकी पत्नी आरजू की कनपटी पर तमंचा रखकर उन्हें आर्तं. कत करके पत्नी के कानों से एक जोड़ी सोने के कुंडल, दो सोने की बाली, नाक की सोने की तिल्ली व एक जोड़ी चांदी की पाजेब जबरदस्ती निकलवा ली। इसके साथ ही वह घर में रखे संदूक से उसकी बेटी की शादी के लिये एकत्र किए गए दहेज के सोने चांदी के आभूषण व दस हजार रुपये नकद भी लेकर गये हैं।पीड़ित ने यह भी बताया है कि उक्त आधा दर्जन बदमाशों में से पांच बदमाश कहीं बाहर की भाषा व एक बदमाश क्षेत्रीय भाषा बोल रहा था। पीड़ित द्वारा घटना के तुरन्त बाद डायल 112 को सूचना दी गई थी जिसके बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

शनिवार को सुबह के समय पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर उक्त अज्ञात चोरों का पता लगाये जाने व उसके घर से चोरी किया गया सामान बरामद कराये जाने की मांग की है।

## दुघर्टना में घायल की हायर सैन्टर ले जाते मौत

**तीतरों।** कल बाइक दुर्घटना में घायल हुए युवक की हायर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

कल दोपहर के समय पूजना निवासी प्रदीप और अभिषेक बाइक पर सवार होकर कस्बे की ओर आ रहे थे। कस्बा निवासी जिक्रिया भी बाइक पर सवार होकर बाहर जा रहा था। दोनों बाईक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। देर रात अभिषेक की तबीयत खराब होने लगी तो परिजन उसे हायर सेंटर लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभिषेक 21 वर्ष का था। कस्बे के बस स्टैंड पर मैकेनिक की दुकान करता था।

# मुठभेड़ में दो हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर के शाहपुर बांस रोड पर गौकश हिस्ट्रीशिटर बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी है। पुलिस की गोली लगने से दो हिस्ट्रीशिटर गौकश घायल हो गए हैं। जिनके कब्जे से अवैध हथियार व गौकशी के उपकरण बरामद हुए हैं। गौकश की पहचान जावेद व नदीम निवासी रायपुर के तौर पर हुई है। पुलिस ने दोनों बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया है स जिनके ऊपर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व मे एसआई बिजेंद्र रावल व सत्येंद्र शर्मा चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक सवार व्यक्ति पुलिस को देख शाहपुर बांस की और भागने लगे स टीम के पीछा करते समय गौकश ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग मे दो हिस्ट्रीशिटर गौकश के पैर मे गोली लगने से



घायल हो गए हैं। जिनके कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार, बाइक व गौकशी के उपकरण बरामद किये हैं। गौकश की पहचान जावेद पुत्र रईस व नदीम पुत्र समीम निवासी रायपुर थाना मिर्जापुर के तौर पर हुई है। पकड़े गए बदमाशों के ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीओ मुनीश चंद ने जानकारी देते हुए बताया की चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई है स पुलिस ने दोनों हिस्ट्रीशिटर गौकश को गिरफ्तार कर लिया है।

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम पटना के शिव मंदिर मे आयोजित भगवान शिव परिवार, भैरव व काली मां की मुर्तियों की प्रांण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ग्रामवासियों द्वारा आज कलश यात्रा निकाली गई।

शनिवार को ग्राम पटना शिव मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज सर्वप्रथम पंडित अनिल शर्मा द्वारा मूर्ति पूजा कराई गई, जिसके पश्चात ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थी। कलश यात्रा गांव के शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे गांव की परिक्रमा करके वापस मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर मनोज योगी, डॉ आर्यन सैनी, अशोक सैनी, प्रवीन सैनी, श्याम सिंह सैनी, नीटू सैनी, पिंटू सैनी, अश्विन सैनी, ताराचंद सैनी, नरेन्द्र सैनी, राहुल पांचाल, संजू सैनी, अंकित सैनी, शेर सिंह सैनी सहित सैंकड़ो ग्रामवासी पुरूष एवं महिलाएं मौजूद रहे।

## तीन के खिलाफ दी तहरीर

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव खजूरवाला निवासी सहीराम ने उसकी विवाहिता बेटी को अगवा करने के करीब तीन महिने बाद उसके साथ मारपीट कर गांव के निकट छोड़कर जाने का कथित आरोप लगाते हुए विवाहिता के ससुराल गांव के तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

सहीराम ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले उसने अपनी बेटी की शादी मुजफ्फरनगर के एक गांव के युवक के साथ की थी। जब वह शादी के कुछ समय बाद अपने मायके आई तो उसकी ससुराल गांव के दो भाई उसे बहला फुसलाकर ले गए । जिसकी गुमशुदगी उसने थाना नागल पर दर्ज कराई थी। पीड़ित का आरोप है कि शुक्रवार शाम आरोपियों का पिता व उसके दोनों पुत्र कस्बे के बस अड्डे पर उसकी बेटी को मारपीट के बाद छोड़कर चला गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील बेहट सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एस डी एम मानवेंद्र सिंह को अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिस में तहसील दिवस मे आने फरियादियों की जन समस्याओं की जन सुनवाई कर संबंधित विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। कुल दर्ज हुई 76 शिकायतों में से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

माह के पहले शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एस डी एम मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समाधान दिवस मे पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी अपनी लिखित शिकायते दर्ज कराई



गई। दर्ज की गई शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को निस्तारण के लिए दी गई। आज दर्ज की गई 76 शिकायतों में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग तथा पेंशन आदि से संबंधित रही।

संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने कहा कि तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारी गंभीरता से लेकर उनको मौके पर जाकर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करे उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस , सीओ मुनीश चन्द्र तहस. ीलदार विजय सिंह, नायाब तहस. ीलदार देवेन्द्र कुमार प्रजापति, सीडीपीओ मुजफ्फराबाद संयोगिता यादव, सीडीपीओ साढ़ोली कदीम पुष्पा रानी, एआरओ अजय त्रिपाठी, एस डी ओ विद्युत विभाग मुजफ्फराबाद राकेश कुमार नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक बाबू ओमप्रकाश लिपिक हस, विद्युत सिंचाई विभाग,डूडा विभाग वन विभाग, शिक्षा एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारी कर्मचारी के अलावा इंस्पेक्टर कोतवाली बेहट सूबे सिंह, थाना मिर्जापुर इंस्पेक्टर अजय कुमार, थाना बिहारीगढ़ इंस्पेक्टर जावेद खान मौजूद रहे।

# शिव महापुराण कथा का वर्णन

**चिलकाना।** चैरिमंडी गांव के शिव मन्दिर में चल रही शिव महा. पुराण कथा में कथा वाचक आत्मानन्द गिरि महाराज ने पतिव्रता स्त्रियों की शक्ति व जालंधर के अन्त की कथा का सुन्दर वर्णन किया।

महात्मा आत्मानन्द ने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जालंधर, दैत्यगुरु शुक्राचार्य से मायावी विद्याओं का ज्ञान प्राप्त कर बहुत शक्तिशाली हो गया था। उसकी पत्नी वृंदा भी एक अत्यंत पतिव्रता स्त्री थी, जिस कारण कोई भी उसका वध नहीं कर सकता था। अपनी मायावी शक्तियों व वृंदा के पतिव्रत के कारण जालंधर ने देवताओं को हराकर देवलोक व स्वर्ग पर भी अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। जालंधर के अत्याचारों से दुखी होकर देवताओं ने भगवान शिव से सहायता मांगी। शिव और जालंधर के बीच भयंकर युद्ध हुआ, लेकिन वृंदा के पतिव्रत धर्म के कारण शिव उसे परा. जित नहीं कर पा रहे थे। जालंधर ने अपने माया जाल में भगवान शिव को फंसाकर स्वयं शिव का रूप धारण कर माता पार्वती के पास पहुंच गया। आदि शक्ति माता पार्वती जालंधर के छल को समझ गयी ओर वहाँ से अन्तर्ध्यान हो भगवान विष्णु को सारा वृतांत सुनाया, तब भगवान विष्णु ने भी छल से जालंधर का रूप धारण करके वृंदा के पास पहुंच गए वृंदा का पतिव्रत धर्म भंग कर दिया।

वृंदा का पतिव्रत धर्म भंग होते ही जालंधर की शक्तियां कम हो गई और भगवान शिव ने उसका वध कर दिया। महाराज ने कहा कि वृंदा के पतिव्रत धर्म के कारण जालंधर को महान शक्तियां प्राप्त थी, लेकिन उसका धर्म भंग होते ही जालंधर की शक्तियां भी नष्ट हो गई।

# चोरी की सोलर प्लेटो के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी सचिन पूनिया के नेतृत्व में चोरी की 18 सोलर प्लेटों (लगभग 2,16,000 रुपये कीमत) सहित दो शातिर को गिरफ्तार किया। शातिरों की पहचान आकाश पुत्र यशपाल और अरविंद पुत्र ऋषिपाल, दोनों निवासी ग्राम सिम्भालकी गुर्जर, थाना फतेहपुर, सहारनपुर के रूप में हुई। पुलिस ने बड़कला फ्लाईओवर के पास चेकिंग के दौरान इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन और चार सोलर प्लेटें बरामद कीं। अभियुक्तों की निशानदेही पर 14 अन्य सोलर प्लेटें और 5200 रुपये नकद भी बरामद हुए।

पूछताछ में शातिरों ने खुलासा किया कि उन्होंने दो-तीन दिन पहले अपने दो अन्य साथियों के साथ



मिलकर हरिद्वार के झबरेड़ा थाना क्षेत्र के भलस्वा गाज बिन्दुखड़क रोड पर सोलर प्लांट से 18 सोलर प्लेटें चोरी की थीं। इस मामले में थाना झबरेड़ा में मुकदमा संख्या 252/25, धारा 303(2) बीएनएस दर्ज है। इसके अलावा, शातिरों ने दो माह पहले ग्राम कलालटी के सचिवालय से ताला तोड़कर चोरी और डेढ़ माह पहले ग्राम हरौड़ा गागलहेड़ी के जंगल में सोलर प्लांट से सोलर प्लेट व बैटरी चोरी की बात कबूल की।

पुलिस ने शातिरों के खिलाफ थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 172/25, धारा 317(5) बीएनएस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की। दोनो शातिरों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। दोनों शातिर का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें थाना झबरेड़ा, फतेहपुर और गागलहेड़ी में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक सौरभ यादव, शुभम चौधरी सहित अन्य शामिल थे।

# पंचायत निर्माण दिखा हड़पी नकदी

**नागल।** बलियाखेड़ी खंड विकास क्षेत्र के गांव नोजली दनियालपुर में करीब एक वर्ष पहले गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा बनाई गई सीसी सड़क के निर्माण के करीब दो माह बाद ही तत्कालीन ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान ने सरकारी निधि से दिखाकर करीब एक लाख रुपए हडप लिए।

ग्रामीणों ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने का कथित आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी सहित मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। ग्रामीण खालिद, अमजद,बाबू ,रईस, सबीना, नौशाद, परवेज, सावेद, तासीन, आलम, इकराम आदि ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र मे कहा है कि गांव के मोहर्रम अली के परिवार का रास्ता मुख्य मार्ग तक करीब 23 मी लंबा तथा 2 मी चौड़ा है। जिसमें जल भराव रहता था। परिवार के लोगों के द्वारा कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत के बाद भी रास्ते का निर्माण नहीं कराया गया। गांव के नौशाद आलम से इस रास्ते के निर्माण की लेकर उन्होने गुहार की तो उसने वर्ष 2024 में करीब 52 हजार रुपए निजी खर्च कर रास्ते पर सीसी निर्माण का कार्य करा दिया था। परिवार के लोगों ने इस रास्ते पर नौशाद आलम के नाम का पत्थर भी लगाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत ऐप के माध्यम से उन्हे जानकारी मिली कि सी सी निर्माण के 2 माह बाद 31 जुलाई को तत्कालीन सचिव प्रवीण व ग्राम प्रधान ने मिलीभगत कर सीसी निर्माण को ग्राम निधि में दर्शाकर 94805 रुपए निकाल लिये गए। वर्तमान ग्राम सचिव का कहना है कि प्रकरण उनके संज्ञान में आया है जिसकों दिखवाया जा रहा है।

# सरकार किसानों की आय कर रही दोगुनी: बिजेन्द्र

**शाह टाइमस संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** मुजफ्फराबाद ब्लॉक सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण को किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न तरह की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए काम कर रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिज. ेंद्र कश्यप और डीसीडीएफ के चेयरमैन सोनेन्द्र राणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20वीं किस्त वितरण के वर्चुअल संवाद पर खुशी जताई। इस दौरान 3478 किसानों के खाते में सम्मान निधि डाली गयी। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लॉक सभागार कक्ष में एलसीडी के माध्यम से देखा



गया। भाजपा द्वारा इस कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया है। जिसमें कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न तरह की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहब सिंह पुंडीर ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें समृद्ध बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है।किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाले 2000 रूपए किसानों को खेती संबंधी कार्यो के लिए विशेष मदद करेंगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान को भाजपा राज में हर स्तर पर सम्मान मिल रहा है, आधुनिकता के युग में अब युवा पीढ़ी भी खेती को लाभकारी व्यवसाय के तौर पर उन्नत ढंग से करने में रुचि रखते हैं।

इस मौके पर अश्वनी त्यागी सहायक विकास अधिकारी कृषि, मनिन्द्र सिंह एसएमएस, टीटू राम पीपीएस मुजफ्फराबाद, सुखबीर सिंह एटीएम, नीतू सिंह एटीएम के अलावा कृषि विभाग व लैब स्टाफ उपस्थित रहा।

# 9 को होगा समापन उत्सवः रोहित



**बेहट।** देवी कुंड देवबन्द क्षेत्र मे स्थित श्री हनुमान धाम के मुख्य पुजारी आचार्य मोहित गौतम की 41 दिवसीय खडेश्वरी तपस्या का दो दिवसीय समापन उत्स्व 9 व 10 अगस्त को मनाया जायेगा। इसके लिए आचार्य रोहित कौशिक की अगुवाई मे टीम ने निमंत्रण पत्र वित. रित करके खास ओ आम को आमंत्रित किया गया।

रोहित कौशिक शुभम वत्स ध्याना आचार्य वासुदेव भारद्वाज लक्ष्मण पंडित विकास शर्मा ने शाकुम्भरी क्षेत्र मे शंकराचार्य आश्रम के व्यवस्थापक, कथावाचक पंडित संजय प्रप्ननाचार्य, बेहट मे गौरव शर्मा, अखिलेश कोशिश एड सहित कई लोगो को निमंत्रण पत्र दिए गए। आचार्य रोहित कौशिक ने बताया की समापन अवसर पर माँ त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर प्रांगण मे 9 अगस्त की रात्रि विशेष अखंड यज्ञ एवं रविवार 10 अगस्त को भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

**प्रेस विज्ञप्ति**

थाना बेहट के मु.अ.सं.-380/24 धारा- 310 (2)/ 317 (3)/61 भा.न.सं. में फरार अभियुक्त अहसान पुत्र रियासत नि. ग्राम कपूरी थाना नकुड जनपद सहारनपुर की गिरफ्तारी हेतु मा. न्यायालय सीजेएम सहारनपुर द्वारा दिनाँक 21.06.25 को धारा 83 बीएनएसएस की उदघोषणा जारी की गयी है। यदि अभियुक्त के सम्बन्ध में कोई जानकारी होती है तो जानकारी देने वाले को उचित पुरस्कार दिया जायेगा।

**( सुबे सिह )**
**थाना प्रभारी बेहट**
**जनपद सहारनपुर**

## रंजीशन मारपीट का आरोप

**नागल।** कस्बा निवासी रचना ने पड़ोस के रहने वाले दो भाइयों व उनकी बहन पर रंजिशन मारपीट करने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है ।

पुलिस को दी तहरीर मे पीडिता ने बताया कि आरोपी शनिवार दोपहर उनकी गली के मुख्य रास्ते में अवैध निर्माण कर रहे थे। निर्माण करने से मना किया तो तीनों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की है।

**सूचना**

मैने अपने पौत्र नसीम पुत्र मतलूब निवासी हबीबगढ, दून पैलेस सहारनपुर को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में नसीम के कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति सईदा पत्नि शकूर निवासी हबीबगढ, दून पैलेस सहारनपुर।**

# पुलिस टीम ने मात्र 10 मिनट में लापता बच्चा कराया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बार फिर अपनी तत्परता का परिचय देते हुए मात्र 10 मिनट में एक लापता बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परि. जनों को सौंप दिया।

कस्बे के मोहल्ला नया बास निवासी निशांत पुत्र जितेन्द्र का दो वर्षीय बच्चा अचानक घर से लापता हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही तुरंत एक विशेष टीम गठित की गई, जिसका नेतृत्व चौकी प्रभारी विकास चारण ने किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए मात्र 10 मिनट के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।बच्चे के परि. जनों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की और ऑपरेशन मुस्कान की टीम को धन्यवाद दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस का उद्देश्य लापता बच्चों को जल्द से जल्द उनके परिवारों से मिलाना



है, ताकि उनके चेहरों पर मुस्कान लौट सके। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पुलिस की सजगता और ऑपरेशन मुस्कान जैसे अभियानों से समाज में सुरक्षा और विश्वास कायम किया जा सकता है।

# राखी व मिठाई की दुकानें सजी

**गंगोह।** भाई बहन के पवित्र रिष्ते का पर्व को लेकर नगर व क्षेत्र मे भारी उत्साह देखी दे रहा है। रक्षाबंधन का त्योहार आगमी 9 अगस्त को मनाया जाएगा। जिसके निकट आते ही बजारों में राखी व मिठाई की दुक. ानें सज गई है। रक्षा बंधन वाले दिन ही रामलीला भवन पर धर्म ध्वजा भी स्थापित होगी।

रक्षा बंधन का पर्व शनिवार को है। इसके लिए नए-नए डिजाइनों की राखियां बाजार में उतारी जा रही है। गुरुद्वारा रोड, पीठ बाजार, मेन रोड़, जवाहर गंज आदि स्थानों पर दुकानें व आर्टिफीषियल ज्वैलरी की दुकानें सज गई है। इतना ही नही ग्रामीण अंचलों में भी रक्षाबधंन पर्व को लेकर तैयारियां की जा रही है। डाक से भेजी जाने वाली राखियों की मांग अभी चल रही है। दुकानदार ग्राहकों की बाट जोह रहे है। बहनों ने भाईयों के लिए मनपसंद राखियां खरीदनी शुरु कर दी हैं। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में इस बार भी कार्टून व म्यूजिकल लाइट के अलावा अनेक प्रकार की राखियां आई है।

उन्होने बताया है कि बच्चे डोरेमॉन, छोटा भीम, स्पाइडर मैन, बाल हनुमान, गणेष, टेडी बीयर व फैंसी राखियों ज्याद पंसद करते है। नन्हें हाथ भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधने को उत्सुक हो रहे हैं। रक्षा बंधन वाले दिन ही रामलीला भवन पर धर्म ध्वजा भी स्थापित होगी इसी के साथ तैयारी भी शुरू कर दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर इस पर्व पर मिठाई की भी अपनी अगल पहचान होती है। रक्षाबधंन पर घेवर की बिक्री काफी अधिक होती है। जिसे देखते हुए मिठाई विक्रेताओं ने स्टॉक में घेवर के साथ-साथ अन्य मिठाइयां बनााने के लिए कारगार लगा रखे है। जिससे इस त्योहार पर मिठाई की कमी न रहे।

# आयरन हैंडीक्राफ्ट के कारखाने में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में स्थित आयरन हैंडीक्राफ्ट के कारखाने में अचानक आग लग गई। आग लगने के दौरान कारखाने में मौजूद कई कर्मचारी फंस गए। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

नगर बेहट कस्बे के मौहल्ला लोहारान निवासी तनवीर मिर्जा पुत्र तौकीर मिर्जा का मौहल्ला सड़कपार में इंडिया हैंडीक्राफ्ट के नाम से कारखाना है जिसमें आयरन हैंडीक्राफ्ट का काम होता है। आज दोपहर के समय कारखाने में काम करने वाले सभी कर्मचारी लंच के लिए चले गए जबकि 7- 8 कर्मचारी कारखाने में ही मौजूद थे। इसी दौरान कारखाने की तीसरी मंजिल पर



अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैलने लगी तो वहां मौजूद कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। शोर सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस तथा फायर बिग्रेड की टीम को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस सीओ बेहट मुनीशचंद्र, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, इंस्पेक्टर संजीव कुमार और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मोहल्लेवासियों की मदद ने कारखाने में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

# सड़क पर रेत बजरी डालने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ पथराव, चार घायल





**देवबन्द।** सडक पर बजरी व रेत डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद के चलते पथराव एवं मारपीट हुई। इसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति को संभालते हुए घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

लबकरी गांव में बाबर के मकान के पास पड़ी रेत व बजरी पड़ोस में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने काफी समय पहले निर्माण कार्य के लिए मंगाई थी। शुक्रवार देर शाम बाबर पक्ष के लोगों ने जब पड़ोसियों से सडक पर पड़ी बजरी व रेत को लेकर विरोध जताया तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने अपने मकान की छत पर चढकर पत्थरबाजी की। इसके बाद शनिवार सुबह करीब 11 बजे फिर से इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस बीच पथराव भी हुआ। जिसमें एक पक्ष के बाबर के अलावा मोहतरम, रागिब और अजीम घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बाबर व मोहतरम ने बताया कि सडक पर बजरी व रेत पड़े रहने से बरसात में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जब आरोपितों के सामने समस्या रखी तो उन्होंने समाधान के बजाय तैश में आते हुए उनके घर पर पथराव करने के साथ ही मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गए। घायल पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दे दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोनकर का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 24 शिकायतें कराई दर्ज

## शिकायतों में से मात्र दो का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में खंड विकास कार्यालय, नगर पालि. का, विद्युत, राज्सव, पूर्ति आदि विभागो से सम्बंधित फरियादीयों द्वारा शिकायते दर्ज कराई गई जिनमें से मात्र दो ही शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो सका।

स्टेट हाइवे स्थित खंड विकास कार्यालय स्थित सभागार में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, नगरपालिका, बीडीओ कार्यालय और बिजली विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित 24 शिकायतें लेकर

उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने अधिनस्थ अधिकारियों को शिकायतों का अतिशीघ्र निस्तारण के दिये निर्देश

फरियादी पहुंचे। एसडीएम युवराज ने अधिनस्थ अधिकारियों को गुणवत्ता के आधार पर शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रविक. ांत पराशर, तहसीलदार पुष्पांकर देव, खंड विकास अधिकारी असलम प्रवेज, नायब तहसीलदार आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# बच्चों ने फ्रूट पार्टी में फलों का लिया आनंद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में फ्रूट पार्टी का आयोजन किया गया इसमें कक्षा प्ले से कक्षा यूकेजी के छात्रो ने फलो का आनंद लिया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में प्रागण में कक्षा प्ले से यूकेजी कक्षा के छात्रों के लिए फ्रूट पार्टी का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने विभिन्न मौसमी फलों का आनंद लिया। शिक्षकों ने छात्रों को बरसात के मौसम में प्रयोग होने वाले जूस एवं फलों के महत्व के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि फलो का जूस मानसिक व शारीरिक थकान दूर होती हैं। प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने बच्चों को फलो की चाट वितरित करते हुए कहा कि बच्चों को फास्ट फूड जैसे चाऊमीन, बर्गर, पिज्जा, व पेय पदार्थो का सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि यह हमारे स्वास्थय को नुकसान पहुंचाता हैं। इस मौके पर अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, सारिका, कविता, पूजा व कल्पना कौशिक आदि अध्यापकव अध्यापिकाएं शामिल रहे।

# सड़क व नाले के निर्माण की पालिका प्रशासन से मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कासमी कब्रिस्तान से सटे नाले का निर्माण, कहूनी मस्जिद के समीप टूटी सड़क व दो टूटी पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है।

नजर फाउंडेशन के अध्यक्ष नजम उस्मानी ने पलिकाध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा हैं कि नाला निर्माण न होने के कारण बारिश का पानी कासमी कब्रिस्तान में भर जाता है और यह सड़क पर भी जमा हो जाता है। जिसकी वजह से मुर्दा दफन करने में तो परेशानी होती है साथ ही यहां से लोगों का गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। मोहल्ला खानकाह स्थित कहूनी मस्जिद के समीप सड़क का बड़ा हिस्सा टूटा हुआ है,जिसमें जलभराव होने से लोगों को परेशानी हो रही है। जबकि उक्त मार्ग से बड़गांव, गंगोह आदि जाने के लिए बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। यहां के निवासियों और दुकानदारों को भी बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी मार्ग पर मौलाना अरशद मदनी के मकान के सामने और मस्जिद रशीदिया के बराबर में पुलिया टूटी होने के कारण लोग हादसों का शिक. ार हो रहे हैं। उन्होंने पालिकाध्यक्ष से जनहित को ध्यान में रखकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में बंदियों का किया परीक्षण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां दी।

स्टेट हाईवे स्थित उपकारागार परिसर में सामाजिक संस्था जामियतुल कुदसियात शिक्षा समिति द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उदघाटन संस्था के महासचिव कारी आमिर उस्मानी ने किया। शिविर में चिकित्सकों ने जेल में बंद बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवाइयां दी साथ ही जरूरतमंद रोगियों के खून की जांच भी कराई गयी।

इस दौरान जेलर सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि बीमार की सेवा बड़ा पुण्य कार्य है। संस्था के डायरेक्टर मुकीम अब्बास ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक शिक्षा और चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है। इस मौके पर डिप्टी जेलर चंद्रबाबू, डा. दिलशाद, डा. नवेद गोड, डा. तस्कीन समेत जेल का स्टाफ शामिल रहा।

# कला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने चित्रकला समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित दून हिल्स एकेडमी प्रागण में आयोजित प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने सुंदर चित्र बनाकर अपने कल्पना के रंगों को उड़ान दी। इसके अलावा हैंडराइटिंग एवं ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं में भी बच्चो ने अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रबंधक डा. प्रदीप वर्मा एवं डायरेक्टर तनुराज वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूल की प्रधानाचार्य डा. अंजली वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास होता है। इसलिए समय समय पर इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# व्यापार मंडल के स्थापना दिवस पर हाने वाले सम्मेलन में भाग लेने का किया आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस में अधिक से अधिक संख्या में उद्यमी व व्यापारी दिल्ली में आयोजित होने वाले सम्मेलन में भाग लेने के लिए आहवान किया।

इण्डसट्रीयल स्टेट स्थित व्यापारी मंडल कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक राज सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल का 44वां अस्थापना दिवस दिल्ली स्थित रंगभवन आकाशवाणी ऑडीटोरियम सांसद मार्ग पर आयोजित होने वाले सम्मेलन का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी एवं मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व हर्ष मल्होत्रा शामिल होंगे। उन्होने उद्यमीयों व व्यापारियों से आहवान किया कि उद्यमी व व्यापारी दिल्ली पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाए।

बैठक में अशवनी मित्तल, सत्वीर सिंह कसाना, वरियाम खान, विकास पुण्डीर, चौ. रविंद्र सिंह बिटटू, अर्जुन गर्ग, अखिल जैन, अरूण सिंघल, महेंद्र गिरधर, संजय चावला, राजन छाबड़ा आदि उद्यमी व व्यापारी शामिल रहे।

# नवनियुक्त आईआईए चेयरमैन का किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वैश्य समाज ने आइआइए के नवनियुक्त चेयरमैन विजेश कंसल का स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश वैश्य अग्रवाल ट्रस्ट प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें आइआइए के नवनियुक्त चेयरमैन विजेश कंसल का स्वागत किया गया। स्थानीय कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज के लिय गर्व की बात है कि उद्यमियों की मुख्य संस्था इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने एक बार फिर वैश्य समाज के प्रमुख उद्यमी विजेश कंसल को देवबंद चेप्टर का चेयरमेन बनाया। इस मौके पर विशाल गर्ग, अमन सिंघल, अंकुर कंसल, अरविंद बंसल, नितिन मित्तल आदि वैश्य समाज के लोग शामिल रहे।

# स्योहारा में दशकों से लंबित बस स्टैंड निर्माण फिर बना विवाद का केंद्र

**स्योहारा।** नगर में लंबे समय से प्रतीक्षित बस स्टैंड निर्माण एक बार फिर नगर की राजनीति और चर्चाओं के केंद्र में है। इस बार विवाद का कारण प्रस्तावित स्थल की वैधता है, जिसे लेकर न सिर्फ नगरवासियों में मतभेद देखने को मिल रहे हैं बल्कि नगर पालिका बोर्ड की बैठकों में भी तीखी बहस का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय जनता का कहना है कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। दिवंगत समाजसेवी बबलू स्वामी ने वर्षों तक लगातार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने का प्रयास किया। उन्होंने कई बार लखनऊ जाकर मंत्रियों व विधायकों से मुलाकात की और स्योहारा की आवश्यकता को पूरी गंभीरता से उठाया। दुर्भाग्यवश उनके जीवनकाल में यह सपना साकार नहीं हो सका, लेकिन उनकी मेहनत को आज भी नगरवासी सम्मान के साथ याद करते हैं। पूर्व पालिका अध्यक्ष तरन्नुम नईमुल हसन जो नईमुल हसन की पत्नी है ने भी अपने कार्यकाल में इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश की थी। उस दौरान तत्कालीन मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के सहयोग से प्रक्रिया आगे बढ़ी लेकिन प्रस्तावित भूमि को लेकर कानूनी और सामाजिक विवाद खड़े हो गए, जिससे कार्य फिर ठप हो गया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अख्तर जलील के समय में भी इस प्रस्ताव को पालिका बोर्ड से पास करवाया गया था लेकिन वो प्रयास भी भूमि विवाद और स्पष्ट नीति के अभाव में आगे नहीं बढ़ सका। अब एक बार फिर वर्तमान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी इस योजना को धरातल पर लाने के लिए प्रयासरत हैं, उनके द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया तेजी से कराई जा रही है लेकिन उसी के साथ विवाद भी फिर उठ खड़ा हुआ है। आरोप है कि जिस भूमि पर बस स्टैंड के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है, वह विवादित है। नगर में चर्चा है कि उक्त जमीन पर पहले से कानूनी अड़चनें हैं, जिनका समाधान किए बिना निर्माण कार्य आरंभ करना जनविरोध को जन्म दे सकता है। हाल ही में पालिका बोर्ड की बैठक में भी इस प्रस्ताव को लेकर विरोध के स्वर सुनाई दिए।

# एस.डी.पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन का प्रेरक मंच



मुजफ्फरनगर। जब युवा संवाद करना सीखते हैं तभी समाज समाधान की ओर अग्रसर होता हैं एम0यू0एन0 केवल विचार-विमर्श नहीं, बल्कि चिंतनशील नेतृत्व की पहली सीढ़ी है। दिनांक 1 और 2 अगस्त 2025 को पटेल नगर स्थित एस.डी.पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रांगण में दो दिवसीय अंतर्विद्यालई मॉडल यूनाइटेड नेशन्स द्धडन्छत्रू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर वैश्विक मंच पर संवाद और नेतृत्व कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के पश्चात् एक मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई, जिसमें उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके उपरान्त एम0यू0एन0 की महासचिव अवनी जैन द्वारा हैमर - ध्वनि के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके पश्चात् उद्घाटन समारोह का संचालन वरिष्ठ छात्रों की टीम द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। अंतर्विद्यालई स्तर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के अवसर पर विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल रीजनल ऑफिसर सी. बी.एस.ई., देहरादून, ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर छात्र प्रतिनिधियों का भावी नेतृत्व प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैश्विक . ष्टिकोण, तार्किकता और संवाद कौशल को पोषित करते है। यह मंच न केवल उनके सर्वांगीण विकास का माध्यम है बल्कि उन्हें भविष्य के उत्तरदाई वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है। विशिष्टि अतिथि पंकज प्रकाश राठौर, राज कुमार राव सीओ सिटी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना, प्रधानाचार्या भारती तिवारी, उप प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, शशीकांत शर्मा, मती गीता मित्तल व मती रीता जैन, पूजा अग्रवाल व आशु सेठ द्वारा किया गया। खेल-खेल में पहचाने अपनी बात कहने की ताकतश विषय पर आयोजित ओपन माइक सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया । समापन सत्र में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश राठौर सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा सभी समितियों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक समिति में निर्धारित मानदंडों के आधार पर तीन-तीन उत्कृष्ट छात्र प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया, साथ ही भाग लेने वाले सभी विद्यालयों को उनकी प्रतिभागिता हेतु प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न ट्रॉफी भेट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश राठौर ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए अपने प्रेराणादायक संबोधन में कहा- हआज के युग में साइबर सुरक्षा, वैश्विक स्वास्थ्य और सतत् विकास जैसे मुद्दों पर संवाद और समाधान के लिए ऐसे मंच अनिवार्य हैं।

संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अब केवल देशों तक ही सीमित नही बल्कि युवा मस्तिष्कों के विकास और कौशल निर्माण से भी गहराई से जुड़ी हुई हैं। MUN उन्हें जागरूक और उत्तरदाई नागरिक बनाता है। विद्यालय की डायरेक्टर मती चंचल सक्सैना ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा-MUN जैसे मंच छात्रों को न केवल नेतृत्व की ओर अग्रसर करना सिखाते हैं, बल्कि उनमें जागरूकता, संवेदनशीलता और वैश्विक नागरि. कता की भावना भी जगाते हैं। यह आयोजन एस.डी. पब्लिक स्कूल की उस सोच का हिस्सा है जो शिक्षा को अनुभव और व्यावहारिकता से जोड़ता है। उन्होंने एम0यू0एन0 को युवाओं के लिए कूटनीतिक सोच की प्रयोगशालाश बताया। विद्यालय प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने कहा- आज का विद्यार्थी पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं। हमारे विद्यार्थियों ने जिस परिपक्वता, आत्म विश्वास और विवेक के साथ वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी वह सराहनीय है। यह आयोजन उन्हें जीवन भर नेतृत्व, समाधान और सहयोग का पाठ सिखाएगा।

जब युवा संवाद करते है, तब भविष्य आकार लेता है। यह मंच केवल भूमिका नही, जिम्मेदारी के निर्वहन का अभ्यास है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी सहयोगी शिक्षकों एवं आयोजक मंडल का विशेष आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन, समर्पण और प्रतिबद्धता के कारण अत्यंत सफल, गरिमामय ओर स्मरणीय रूप में सम्पन्न हो सका। विद्यालय की डायरेक्टर मती चंचल सक्सेना व प्रधानाचार्या मती भारती तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाने वाले सभी समितियों के संयोजकों, वाह्य सहयोगियों एवं आंतरिक व्यवस्था से जुड़े सदस्यों की सक्रिय सहभागिता हेतु विद्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

एस0डी0 पब्लिक स्कूल ष्यूनाइटेड नेंशस सम्मेलनश की महासचिव अवनी जैन ने सभी प्रतिभागियों व अतिथिगण का आभार व्यक्त करते हुए हैमर - ध्वनि की उद्घोषणा के साथ सम्मेलन समाप्ति की पारंपरिक घोषणा की। MUN प्रवक्ता रीता जैन, पूजा अग्रवाल व आशु सेठ के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम अनुशासित, सफल एवं सार्थक रूप से संपन्न हुआ । उद्घाटन समारोह का सफल संचालन मती प्रियंका सचदेवा व सुप्रीत कौर ने सफलतापूर्वक किया।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में बढ़ती विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने तहसील समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

यूनियन ने मांग की कि धामपुर नगर पालिका के प्रस्तावित सीमा विस्तार में मौजमपुर जैतरा सहित कई ग्रामों को केवल आंशिक रूप से शामिल किया जा रहा है, जो ग्रामीणों के साथ अन्यायपूर्ण है। संगठन ने आग्रह किया कि इन गांवों को पूर्ण रूप से पालिका क्षेत्र में सम्मिलित किया जाए ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके। किसान यूनियन ने वर्ष 2004 से 2021 तक लागू की गई महायोजना पर भी आपत्ति जताई और कहा कि इस योजना में किसानों की भूमि को चिन्हित तो कर लिया गया, लेकिन आज तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। इससे किसानों को भारी मानसिक व आर्थिक क्षति पहुंची है। यूनियन ने या तो योजना को निरस्त करने या फिर किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

संगठन ने बिजनौर विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इसमें धामपुर, नगीना, नजीबाबाद और चांदपुर जैसे क्षेत्रों को शामिल करने से किसानों की कृषि भूमि प्रभावित होगी, जिससे आमजन पर आर्थिक भार बढ़ेगा। यूनियन ने मांग की कि विकास प्राधिकरण केवल जिला मुख्यालय तक सीमित रखा जाए।

ज्ञापन में क्षेत्र में गुलदार के हमलों और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं का भी जिक्र किया गया। यूनियन ने कहा कि इन मामलों में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे किसानों में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो किसान विरोध दर्ज कराने के लिए मजबूर होंगे और इन पशुओं को सरकारी कार्यालयों में बाधने का निर्णय ले सकते हैं। इस मौके पर दुष्यंत चौहान, यशपाल सिंह, महक सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय चौहान, पवन शर्मा, अरविंद सिंह, रंजीत सिंह, दिनेश कुमार, वीर सिंह व दर्शन सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



# किसान की मौत

**शेरकोट।** धामपुर मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक किसान की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सूचना**

उत्तर प्रदेश फार्मेसी कॉन्सिल लखनऊ द्वारा 30 मई 2022 को जारी डी.फार्मा रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 134398 हैं वास्तव में खो गया हैं।

उवैस पुत्र मौ. अबुल
निवासी गांव लबकरी
देवबन्द सहारनपुर

संक्षिप्त खेल समाचार

## डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में पहुंचे

**टोरंटो, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेग.ला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फ्रिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। मैच के बाद फ्रिट्ज ने कहा कि मेरा मानना है कि टूर्नामेंट में कनाडाई खिलाड़ी के साथ खेलने के दौरान दर्शकों ने बहुत अच्छा व्यवहार किया। मुझे लगा था कि दर्शक अधिक आक्रामक होंगे। लेकिन सभी बहुत अच्छे थे। मैंने इससे भी बदतर हालात का सामना किया है।

## भारत-पाक मैच के लिए सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, वार्ता।** शिवसेना की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। वरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा।

# पांचवां टेस्ट: सिराज का घातक प्रदर्शन

**● भारत के स्टार तेज गेंदबाज का जलवा जारी, पहली पारी में 4 विकेट लेकर स्टोक्स को पछाड़ा**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला के दौरान भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जलवा जारी है। जसप्रीत बुम.राह की गैरमौजूदगी में उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट झटके। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने चार विकेट लेकर बेन स्टोक्स को भी पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार के दिन ओवल टेस्ट में 15 विकेट गिरे। यह इस सीरीज के एक दिन के खेल में सर्वाधिक है। इससे पहले लाड्र्स टेस्ट के चौथे दिन 14 विकेट गिरे थे। दरअसल, इस सीरीज में दो टेस्ट ऐसे आए, जिनमें बुमराह नहीं खेले। इससे पहले एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में बुमराह नहीं खेले थे। उस मैच को भारत ने 335 रन से जीता था और इतिहास रचा था। उस मुकाबले में भी सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व




किया था और घातक गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। अब उन्होंने कुछ ऐसा ही ओवल में आखिरी टेस्ट में किया है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में सिराज ने कप्तान ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल के महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को एक विकेट मिला। सिराज ने फ्रंट से लीड किया और इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट की 75 पारियों में 31.49 की औसत से 118 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार पारी में पांच विकेट लिए, जबकि 15 रन देकर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। इन 75 पारियों में से 28 पारियों में सिराज के साथ बुमराह नहीं थे। यानी बुमराह उन पारियों में सिराज के साथी गेंदबाज नहीं थे। वैसी 28 पारियों में सिराज ने 25.6 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से 44 विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह के साथ उन्होंने टेस्ट की 47 पारियों में गेंदबाजी की है और 35 की गेंदबाजी औसत से 74 विकेट चटकाए। यानी बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बेहद घातक साबित हुए हैं। चार विकेट लेने के साथ ही सिराज के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट भी पूरे हो गए। उन्होंने टेस्ट में 118 विकेट लेने के अलावा वनडे में 71 और टी20 में 14 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के 15वें तेज गेंदबाज बने। इतना ही नहीं, सिराज ने मौजूदा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 18 विकेट ले लिए हैं और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 35.7 की औसत से ये विकेट लिए हैं। इस सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर छह विकेट रहा है।

# मुकाबला देखने ओवल पहुंचे हिटमैन

**स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हुए**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल मैदान में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी जारी है।

हालांकि, इस मैच को देखने के लिए एक ऐसा शख्स पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस मैच को देखने के लिए ओवल पहुंचे। वह स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हो गए। पिछले इंग्लैंड दौरे पर बतौर खिलाड़ी स्टेडियम में एंट्री लेने वाले हिटमैन को ओवल में लाइन में लगकर और टिकट दिखाने के साथ-साथ पहचान पत्र दिखाकर एंट्री लेनी पड़ी। रोहित इन दिनों पत्नी रितिका और परिवार के साथ यूरोप टूर पर हैं। वह इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट देखने का फैसला किया। दो महीने पहले तक वह इस भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हुआ करते थे। हालांकि, मई में टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। रोहित ने इंस्टाग्राम पोस्ट में सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था।

# भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है।

डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा कि भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण,

**● भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब जीता**

तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

# भारत को अब तक नहीं मिला पुजारा का रिप्लेसमेंट

**● करुण नायर के बाद सुदर्शन भी नंबर-तीन पर फेल, बनाए 140 रन**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर करने के बाद अब तक भारत को नंबर तीन पर कोई स्थाई खिलाड़ी नहीं मिल पाया है। इस दौरान टीम इंडिया ने कई खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन बस नाकामी हाथ लगी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर आजमाया गया, फिर करुण नायर को भी आजमाया गया, लेकिन दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर सके हैं। ऐसे में, नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की खोज जारी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का का मौका मिला। हालांकि, उस टेस्ट में हार



के बाद उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर दिया गया। हेडिंग्ल में सुदर्शन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे। इसके बाद करुण को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिला। करुण ने एजबेस्टन में 31 और 26 रन की पारी और लाड्र्स में 40 और 14 रन की पारी खेली। इसके बाद मैनचेस्टर टेस्ट के लिए करुण को भी ड्राप किया गया और वापस से सुदर्शन पर भरोसा जताया गया। सुदर्शन पहली पारी में जरूर 61 रन बनाए, लेकिन फिर उनके बल्ले से रन ही नहीं निकले। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके। फिर ओवल में पहली पारी में सुदर्शन 38 रन और दूसरी पारी में 11 रन बना सके। इस तरह नंबर तीन पर सुदर्शन की पहली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज का अंत तीन टेस्ट की छह पारियों में 140 रन के साथ हुआ। इस दौरान उनका औसत 23.3 का रहा। वहीं, करुण ने नंबर तीन पर चार पारियों में 111 रन के साथ किया। जब विराट कोहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे तो गिल को नंबर तीन स्थान दिया गया था। कोहली के संन्यास लेने पर नंबर चार पर कोहली के स्थान पर गिल को शिफ्ट किया गया और उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं, रहाणे के नंबर पांच पर पंत पिछले कुछ समय से काफी सफल रहे हैं। हालांकि, गिल के नंबर तीन से हटने के बाद से कोई स्थाई नंबर तीन नहीं मिल पाया है। पिछले 10 टेस्ट यानी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बात करें तो भारत ने पांच खिलाड़ियों को अब तक नंबर तीन पर आजमाया है। इनमें गिल के अलावा देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, साई सुदर्शन और करुण शामिल हैं। पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खिलाने के बाद अगले टेस्ट में ड्राप कर दिया गया। वहीं, गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट में नंबर तीन पर खेले, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया।

# रूट के साथ जुबानी जंग पर प्रसिद्ध: यह योजना का हिस्सा था

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके शब्द जो रूट की लय बिगाड़ देंगे और रूट को पवेलियन की राह दिखाने की यह एक बड़ी वजह बनेंगे जिसके चलते भारत ओवल टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर पहुंच जाएगा।

रूट जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब इंग्लैंड 129 के स्कोर पर दो विकेट के नुकसान के साथ अच्छी स्थिति में था। दोपहर में धूप से भरे मौसम के बाद बादल छाने लगे और प्रसिद्ध ने आकाश दीप और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर इंग्लैंड की पारी की रफ्तार को धीमा करना शुरू किया। रूट ने पहली गेंद का जब सामना किया तब प्रसिद्ध की गुड लेंथ पर पड़ी गेंद उछाल के साथ उनके दस्ताने पर जा लगी। दो गेंद बाद, एक वोबल सीम गेंद पर वह प्रसिद्ध के खिलाफ डिफेंस पर बीट हुए और संभवत: तभी प्रसिद्ध ने रूट से यह शब्द कहे थे। इसकी ठीक अगली गेंद पर रूट ने स्क्वायर ड्राइव पर चौका जड़ते हुए प्रसिद्ध को भी कुछ शब्द कहे और अंपायर कुमार धर्मसेना को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने प्रसिद्ध से बात की। धर्मसेना जब प्रसिद्ध से बात कर रहे थे तब के एल राहुल और शुभमन गिल भी वहां पहुंच गए और यह चर्चा दो मिनट से अधिक देर तक चली। अगले कुछ ओवरों तक धर्मसेना ने प्रसिद्ध पर नजरें जमाई रखीं और इस दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ी रूट के साथ उलझते रहे। प्रसिद्ध ने माना कि रूट के इस तरह घबरा जाने से वह हैरान थे। उन्होंने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल को कहा मुझे नहीं पता कि रूटी ने ऐसा क्यों किया। मैंने बस इतना कहा कि आप बहुत अच्छे फॉर्म में दिख रहे हो' और फिर बात गाली-गलौज वगैरह में बदल गई। प्रसिद्ध ने स्वीकार किया कि रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। उन्होंने मीडिया ब्रीलफग में कहा कि यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। प्रसिद्ध ने कहा कि उन्हें 'आक्रामक' होने में मज़ा आता है और यह सिर्फ 'प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त' लेने के चलते रूट और उनके बीच 'मज़ाक' हुआ। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, जब मैं अपने खेल का आनंद ले रहा होता हूं, तो मैं ऐसा ही होता हूं। अगर इसका मतलब है कि मैं बल्लेबाज से थोड़ी-बहुत बात. चीत कर पाता हूं और जब मैं बल्लेबाज को परेशान कर पाता हूं और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त कर पाता हूं, तो इससे मुझे मदद मिलती है। लेकिन मुझे वह एक इंसान के रूप में पसंद हैं। वह खेल के दिग्गज हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता है जब दो लोग किसी खास पल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विजेता बनने की चाहत रखते हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेसकॉथिक, रूट को परेशान करने की भारत की योजना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहते थे। रूट इस सीरीज में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ट्रेसकॉथिक ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने कोई टिप्पणी की है, है ना? जाहिर है कि उन्होंने (प्रसिद्ध) रूट पर दबाव बनाने और उन्हें थोड़ा उत्तेजित करने की कोशिश की। हो सकता है कि उन्होंने पिछले कुछ मैचों में उन्हें इतना अच्छा खेलते देखा हो कि भारत ने एक अलग तरीका अपनाया, और जो ने जवाब दिया, जैसा कि वह कभी-कभी करते हैं। आम तौर पर, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बस हंसते-खिलखिलाते रहते हैं और चीजों को होने देते हैं।

# मोहम्मद शमी ईस्ट जोन के दल में शामिल, इशान किशन करेंगे कप्तानी

**● 15 सदस्यीय दल में आकाशु दीप, मुकेश कुमार, रियान पराग, व अभिमन्यु जैसे खिलाड़ी शामिल है**

**कोलकाता, वार्ता।** भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग-अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच




नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्द्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं। इस दल में पिछले सीजन में बंगाल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप चटर्जी के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप कुमार घरामी स्टैंडबाय में हैं। झारखंड के दोनों सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट सिंह और शरणदीप सिंह ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी भी इस दल में शामिल हैं, जिन्होंने सात मैचों में 22 विकेट लिए हैं। जिसमें तमिलनाडु के खिलाफ पिछले दौर के मैच में 49 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर युवा वनडे मैचों में सबसे तेज शतक लगाया था और दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे, वह भी छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। छह टीमों वाली दलीप ट्रॉफी क्षेत्रीय प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं, बल्कि

## जियोस्टार करेगा डीपीएल सीजन-2 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियोस्टार दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के सभी मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के लिए जियोस्टार के साथ तीन साल के ऐतिहासिक प्रसारण समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत डीपीएल के सभी मैचों का स्टार स्पोर्ट्स 2 लहदी पर और जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। डीपीएल का दूसरा सत्र आज से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और गत विजेता ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2

# वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

**लंदन, वार्ता।** डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को 'अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा'। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉर्ड्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए।

इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की को.शिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि 'इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के

**● इंग्लैंड नवम्बर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज जीतने की कोशिश करेंगे**

बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा कि जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। पिछले साल अंत.रराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वार्नर मंगलवार को ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अपना शतक लगाने के लिए तैयार हैं। वह 14 अगस्त को लॉर्ड्स में रूट की ट्रेंट रॉकेट्स से भिड़ सकते हैं। रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज़ हैं और इंग्लैंड की एशेज जीतने की उम्मीदों के लिए अहम हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी शतक नहीं बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें.दबाज हेजलवुड ने उन्हें 18 टेस्ट मैचों में 10 बार आउट किया है - ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कलमस और भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा उन्हें 11 बार आउट किए जाने से एक कम। वार्नर ने कहा कि 'सब कुछ गेंदबाज़ों पर निर्भर करता है। अगर इंग्लिश गें.दबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं तो वे मुकाबले में आ जाएंगे। वार्नर को इस साल द हंड्रेड में अपने एक अन्य पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वी अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन का भी सामना करना पड़ सकता है।

# ओवल टेस्ट: दूसरी पारी में भारत 300 पार

**● इंग्लैंड पर मिली बढ़त, 281 रन, जडेजा-जुरेल पिच पर, जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया**

**द ओवल, वार्ता।** भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा कर लिया हैं। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वाचमैन 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3, जोश टंग ने 2 और जैमी ओवर्टन ने 1 विकेट लिया। टीम इंडिया ने



आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वाचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। आकाश दीप नाइट वाचमैन के रूप में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे और फिफ्टी लगा दी। ओवल टेस्ट के तीसरा दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा है। टीम इंडिया ने इस सेशन में 115 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 3 विकेट हासिल किए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 304/6 है। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल की जोड़ी नाबाद है। यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। 67वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा क्ते लेकर पगबाधा आउट होने से बच गए। जोश टंग की यार्कर उनके पैर के जूते पर लगी। उन्हें फील्ड अंपायर आउट भी दे दिया। ऐसे में जडेजा ने क्ते की मांग की। वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फैसला बदला। 65वें ओवर में भारतीय टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। 58वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। जिमी ओवर्टन के ओवर की चौथी बाल पर बेन डकेट से यशस्वी जायसवाल का कैच ड्रॉप हुआ। इतना ही नहीं, बाल बाउंड्री लाइन के बाहर चली गई। इन 4 रनों के सहारे टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल किया। 55वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। नायर पिछले ओवर में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। 54वें ओवर में हैरी ब्रूक से कैच ड्राप हुआ। तब वे 12 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। टीम इंडिया ने 26 ओवर के इस सेशन में एक विकेट खोकर 114 रन बनाए। आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद लौटे हैं।

# महिलाओं को मिले संतुलित आहारः मौर्य

## महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी ने आंगनवाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन, रैली को दिखाई हरी झंडी



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। महिला एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने संभव अभियान तथा विभागीय कार्यों व योजनाओं की समीक्षा करते हुए कुपोषण में कमी लाने हेतु गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार दिये जाने के निर्देश दिये।

सर्किट हाऊस में समीक्षा बैठक से पहले श्रीमती मौर्य द्वारा संभव अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त भारत की थीम पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा विभाग एवं आईसीडीएस के सहयोग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया। विभाग द्वारा की जारी गतिविधियों के अंतर्गत मंत्री द्वारा पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

समीक्षा के दौरान उन्होंने जनपद में चल रहे विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी ली। आईटीसी द्वारा निर्मित कराए गए आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं पोषण मी पढ़ाई भी के अंतर्गत बच्चों की लर्निंग में होने वाले सुधार हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें 137 मुख्य सेविकाओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करते हुए बच्चों में आने वाले सुधार हेतु कार्ययोजना का विश्लेषण किया गया। उनके द्वारा आईटीसी संस्था से यह अपेक्षा की गई कि उनकी संस्था संभव अभियान के दौरान भी विभाग के साथ सहयोग एवं समन्वय करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करें कि वह कुपोषण में कमी लाने हेतु धात्री महिलाओं को छोटे बच्चों के ऊपरी आहार में चावल का मांड, दाल का पानी तथा उबला हुआ पीसा हुआ आलू देने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत माताओं को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती मौर्य द्वारा मवीकलां आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया तथा आईटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# भेदभाव की राजनीति करती है भाजपाः आशू



शाह टाइम्स संवाददाता

नागल। समाजवादी पार्टी की चलाई जा रही पीडीए यात्रा का स्थानीय कस्बे में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

गांव साधारणसिर में आयोजित एक सभा में बोलते हुए मुख्य अतिथि सहारनपुर देहात विधायक आशू मलिक ने कहा कि वह बिना किसी भेदभाव व जनहित की राजनीति करते हैं लेकिन कुछ लोगों को उनकी यह राजनिति बर्दाश्त नहीं हो रही है। भाजपा समाज में भेदभाव फैलाने का काम करती है। उन्होंने पीडीए को गरीब शोषित, वंचित तथा इस तानाशाही सरकार के खिलाफ उठाने वाला मंच बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बेलगाम हो चुकी है। जो लोगों को धर्म की आड़ में लड़ाकर नफरत की राजनीति कर रही है। जिससे निजात पाने के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा।

पीडीए यात्रा संयोजक व एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि जनता अपने वोट की रक्षा करें। भाजपा द्वारा कार्यक्रमों में राष्ट्रपति को ना बुलाकर जातिभेद को बढ़ावा देकर दलितों पिछड़ों को अपमानित किया जा रहा है। पूर्व मंत्री लियाकत अली ने वर्तमान सरकार पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह ने सभी जातिगत मतभेद भुलाकर मिलजुल कर चलने की बात कही। इसके अलावा मनोज चौधरी,विनोद तेजियान, मांगेराम कश्यप, अब्दुल वाहिद, जितेंद्र बाबा,मजाहिर राणा,आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मजाहिर हसन मुखिया, रजनीश सैनी, इजहार बबलू,आफताब , रविदत्त, नावेद राणा, प्रदीप कुमार, सोनू मलिक, स्वराज सिंह, राकेश मुखिया, जीशान, ईरशाद मलिक, फिरोज मलिक, यशपाल, शक्ति राणा, आदि उपस्थित रहे।

# उत्पीड़न नहीं करेंगे बर्दाश्तः नौमान



शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। पूर्व चेयरमेन नोमान मसूद ने कहा कि वक्फ बोर्ड की संम्पति की लूट खसोट तभी बंद हो सकती है जब इसकी जिम्मेदारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को दी जाए और इसे संम्पति का रख रखाव इन्ही के द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के दुकानदारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। वह जल्द ही इस संबध में जिलाधिकारी से मिलेंगें।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए वक्फ कमेटी व किरायदारों के बीच चल रहे तनाव को लेकर मुखर हुए नोमान मसूद ने कहा कि वह नगर का कभी भी माहौल खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने कुछ सत्ता नंषी लोगों की कटूपुताई बनी नई व पुरानी सभी कमेटियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। कहा कि वक्फ की गई संपत्ति का जिम्मेदार वक्फ बोर्ड है तथा जिला अल्प संख्यक अधिकारी इन संपत्तियों का रखरखाव करें, वही किराएदारों को रसीद जारी करने के अलावा रखरखाव करे। पहली कमेटी व वर्तमान कमेटी द्वारा किराया वसूलने की बाबत उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्ति सरकार के अधीन हो और वही किराए को जमा कराए। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो उत्पीड़न की कार्रवाई पर रोक लगेगी। पिछले दिनों इस संपत्ति से हटाए गए एक ठिए की बाबत कहा कि वहां इस समय चबूतरा है तथा उसे बदला नहीं जाएगा तथा वहां कुछ भी बनने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकरण की भी शिकायत जिला अल्पसंख्यक अधिकारी की जा चुकी है। इस अवसर पर शादान, जीशान, शादाब, इदरीश, सभासद जीशान मौजूद रहे।

# विधायक गुंबर ने रोगियों को प्रदान की पोषण किट



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार कि प्राथमिकता के अनुरूप कारपोरेट सेक्टर्स, स्वयं सेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से सहयोग से टीबी मरीजों को प्रत्येक माह प्रोटीन युक्त पोषण सामग्री वितरित करने के प्रावधान के अंतर्गत आज नगर विधायक राजीव गुम्बर ने रोगियों की पोषण किट का वितरण कर कहा कि सरकार से रोग से देश को मुक्त करना चाहती है, जिसमें वह भी अपनी सभागिता निभाएं।

आज जिला चिकित्सालय स्थित जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय प्रांगण में नगर विधायक राजीव गुम्बर द्वारा स्टार पेपर द्वारा टीबी का इलाज ले रहे मरीजों को पोषण किट वितरित की गईं। इस दौरान नगर विधायक ने कहा कि योगी एवं मोदी सरकार द्वारा हर वर्ग के हर वर्ग के लोगों को हर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। उन्होंने सभी टीबी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीण कुमार एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार ने पोषण किट के बारे में बताते हुए कहा कि इस किट में गुड़, चना, सत्तु, बोर्नबीटा आदि प्रोटीन के श्रोत हैं जिनसे इलाज के दौरान मरीज की प्रतिरोधक क्षमता अच्छी बनी रहती है और मरीज निर्धारित इलाज अवधि में ठीक हो जाता है। इसलिए इस सामग्री को मरीज घर जाके रोज स्वयं ही खायें नाकि परिवार के किसी अन्य सदस्यों को खिलाएं। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला ने किया कार्यक्रम को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा टीबी विभाग के पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेन्द्र यादव, जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक विजेंदर,अशोक पँवार, संदीप मौर्या, सजनीत, आशुतोश, ओमप्रकाश, बृजेश आदि का विशेष योगदान रहा।

## कई थानाध्यक्ष बदले

सहारनपुर। एसएसपीआशीष तिवारी ने प्रशासनिक हित में कई थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए सतपाल सिंह भाटी को बेहट थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया।

एसएसपी श्री तिवारी ने प्रभारी निरीक्षक बेहट सूबे सिंह को अपना पीआरओ बनाया वहीं सरसावा प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा को देवबंद थाने का चार्ज दिया है और देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार को थाना प्रभारी तीतरो बनाया गया है। वहीं तीतरो के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार को अपराध शाखा में भेजा गया है। एसएसपी ने थाना बिहारीगढ के प्रभारी निरीक्षक जावेद खान को अपराध शाखा में और उनके स्थान पर पुलिस लाईन से अक्षय शर्मा को थानाध्यक्ष बिहारीगढ बनाया है। वहीं गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार को थानाध्यक्ष सरसावा और गागल हेडी के उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार को थानाध्यक्ष गागालहेडी बनाया।

# मिशन पूरा करें कार्यकर्ताः सूरज



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने कहा कि बसपा पार्टी होने के साथ एक मिशन भी है जिसे कार्यकर्ताओं को पूरा करना होगा।

सूरज सिंह आज नानौता के गांव ठसका में बसपा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में चारो ओर अराजकता का माहौल है, जनता में भय व्याप्त है, अधिकारी जनता की बात सुनने को तैयार नहीं हैं, खेत मे किसान परेशान, सीमा पर जवान परेशान, रोजगार से युवा परेशान, भूख से गरीब परेशान, जनता की इस सरकार में कहीं भी सुनवाई नही है।

इस मौके पर राव ईशा, विरजेश, सुशील जायसवाल, अमित जाटव, आकाश प्रधान, सहजाद राव, नययर हसन, डॉ बिन्दरपाल, ओमपाल, जितेंद्र, ठाकुर भूपेंद्र राणा, अरुण शर्मा, सुर्य प्रताप राणा, निर्धन सिंह, सुभाष, ज्ञान सिंह, तेजपाल सिंह, हरिसिंह, अभिषेक, धरमेंद्र, कालूराम,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह व संचालन नरेन्द्र ओलरी ने किया।

# सीएम योगी के आगमन की तैयारियां जोरों पर



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। अगामी 4 अगस्त को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गंगोह रोड स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल गोगा महाड़ी का दौरा करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां गुरु गोरखनाथ और जाहवीर गोगा महाराज की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करेंगे। इसी अवसर पर वे करोड़ों रुपये की लागत से तैयार मानसरोवर का भी शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री के आमगन को लेकर जिला प्रसशन पूरी मुस्तैदी के साथ जुटा हुआ है और प्रस्तावित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की चूक न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है पूरा प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा है। प्रशासन मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अलर्ट मोड में है। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और पुलिस विभाग मिलकर 24 घंटे तैयारियों में जुटे हैं। गोगा महाड़ी के कच्चे रास्तों को पक्की सड़कों में बदला जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। बताया जाता है कि चार अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह दस बजे जनपद पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में अधिकारियों से समीक्षा बैठक करेंगें जिसके पश्चात वह ग्राम मानकमऊ स्थित श्रीजाहर वीर गोगा म्हारी पहुंचेंगे जहां वह नगर निगम द्वारा नवनिर्मित सरोवर का उद्घाटन करेंगे तथा वह पूजा-अर्चना भी करेंगें। इस कार्यक्रम के उपरांत वह गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार पहुंचेंगें जिसमें वह कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगें। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हमारे जवान हर इलाके की निगरानी कर रहे हैं और सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। धार्मिक स्थल से जुड़े सेवादार अनिल कुमार सैनी ने कहा कि गोगा महाड़ी पूरे देश में प्रसिद्ध है, एक यहां सहारनपुर में और दूसरा राजस्थान में। वर्षों से श्रद्धालु यहां आकर मनोकामनाएं मांगते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन इस स्थल की मान्यता और महत्व को और बल देगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैलीकाफ्टर से मेरठ के लिये रवाना हो जाएंगे।

# डीबीटी के माध्यम से भेजी किसानों के खातों मे धनराशि



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी से कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रेषित की गयी जिसका सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में देखा गया।

सभागार कक्ष में आयोजित सजीव प्रसारण में राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश सिंह, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र निम, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई , पदमश्री कृषक सेठपाल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उप कृषि निदेशक सन्दीप पाल, जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रभारी डा. आई. के. कुशवाह, कृषि वैज्ञानिक डा. विरेन्द्र कुमार, डा. रविन्द्र कुमार सहित 160 कृषक उपस्थित रहे। अन्य विकासखण्डों में भी माध्व्लाक प्रमुख एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों पेयोजना प्रारम्भ से अभी तक लगातार 20वीं किस्त प्राप्त करने वाले जनपद के कृषक अनिल कुमार पुंवारका, चेतन चौहान तिलफरा-नानौता, श्रीमति बीरबाला, भोगपुर, काजल यादव-चकहरैटी, सपना-काशीपुर नानौता, प्रवीण त्यागी माटकी झरौली, संजय त्यागी माटकी झरौली, विनित कुमार शर्मा, फतेहपुर, रेणु-दल्हेडी आदि कृषकों, को पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्रियों व विधायकों ने किसानों को इस योजना से लाभान्वित होने के लिए बधाई दी गयी। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा एक-एक पौधा कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# जहां 50 से कम होंगे बच्चे वहां लगेगी पीडीए पाठशालाः फरहाद



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने कहा कि पीडीए पाठशाला चलाने के बाद सरकार को बैक फुट पर आना पड़ा यह है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संघर्ष की जीत है। यह संघर्ष बच्चों के शिक्षा के अधिकार मिलने तक जारी रहेगा।

फरहाद आलम गाडा ने कहा कि पीडीए पाठशाला शुरू करने के बाद बैक फुट पर आई भाजपा सरकार ने जो अब फैसला लिया है वह नाकाफी है। बच्चों को उनके शिक्षा का अधिकार देने के लिए सरकार को अपना निर्णय पूरी तरह से वापस लेना चाहिए। फरहाद ने बीएसए मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा यू टर्न के बाद लिए निर्णय के अनुसार ऐसे स्कूलों की सूची उपलब्ध कारण जहां 50 से कम बच्चे हैं उन्होंने कहा कि आप सपा ऐसे गांव में पीडीए पाठशाला शुरू करेंगी जहां पर 50 से कम बच्चे होने के कारण सरकार स्कूल बंद करेगी।

## चिकित्सा शिविर लगाया

गंगोह। शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुंवर शेखर विजेंद्र आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर द्वारा दो दिवसीय गांव मोहड़ा, दुधला, खानपुर तथा जंधेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व निःशुल्क ओपीडी का सफल आयोजन किया गया। रोगियों का निःशुल्क परामर्श, परीक्षण, औषधि वितरण किया गया।

शिविर में डॉ. ललित मोहन शर्मा, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. आनंद प्रताप सिंह, डॉ. आकाश आर्य, डॉ. शाहिद जमाल, डॉ. अभिनव तोमर, प्रमिंद्र कुमार, सतीश कुमार, स्टाफ नर्स तनु, मधु, मोनिका, काजल, नावेद, मुबारिक आदि ने सहयोग किया। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह, केयर टेकर सूफी जहिर अख्तर, जमशेद प्रधान ने चिकित्सा शिविर के आयोजकों को अनेक शुभकामनाएं दी।

# भाजपा में सबका विकासः नरेश




शाह टाइम्स संवाददाता

साढौली कदीम। भाजपा के पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा है कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर सर्वश्रेष्ठ काम कर रही है,जिसका पक्का सबूत सर्व समाज के किसानों के लिए संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है।

शनिवार को ब्लाक साढौली कदीम के सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 20 वीं किस्त वितरण को किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाये गये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि मोदी योगी जी जो कहते हैं वह करके भी दिखाते हैं।

उल्लेखनीय है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 20 वीं किस्त वितरण करते हुए वर्चुअल संवाद किया गया। जिसमे ब्लाक के बहुत से किसानों के खाते में सम्मान निधि डाली गयी। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लॉक सभागार कक्ष में एलसीडी के माध्यम से देखा गया। इस दौरान प्रमुख प्रमुख विश्वास चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख हंसराज गौतम, खंड विकास अधिकारी योगेन्द्र चौधरी,एडीओ पंचायत प्रदीप पुंडीर, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र बंसल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, मंडल अध्यक्ष डॉ सतेन्द्र सिंह, सोहन लाल आदि बहुत से लोगों ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला जबकि कार्यक्रम में मंडल महामंत्री प्रदीप गुप्ता प्रधान, मंडल उपाध्यक्ष नरेश राणा, रमेश कश्यप, मंडल मंत्री सतीश प्रधान आदि बहुत से लोग उपस्थित रहें हैं।

# इंडस्ट्रीयल पार्क की उच्च स्तरीय जांच की मांग




शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर तहसील बेहट के अंतर्गत यूपीसीडा के तहत बनाए जारहे इंडस्ट्रीयल पार्क की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर भगीरथ सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

भगीरथ सेना संस्थापक सोनू सैनी सुदर्शन व जिलाध्यक्ष कंवरपाल सैनी ने बताया कि तहसील बेहट के गांव बादशाहपुर और खुशहालीपुर की खसरा नंबर 10 व 11 सहित अन्य जमीन में करीब 500 करोड़ की लागत से यूपीसीडा के तहत इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया जा रहा है जिसकी पंकज सैनी द्वारा शिकायत कर जांच की मांग की गई थी जिसके संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 29 अप्रैल को संतुति की थी। लेकिन जांच प्रभावित करने के लिए भाजपा नेता द्वारा शिकायतकर्ता पंकज सैनी को भगवानपुर पुलिस द्वारा आपसी सांठगांठ करते हुए झूठे मामले में जेल भिजवा दिया है। उन्होंने नार्को टेस्ट की भी मांग की। उन्होंने फर्म आड़ में सरकारी राजस्व की चोरी, जीएसटी चोरी, बिना बिल को जा रही खरीद फरोख्त व स्टॉप चोरी जैसी अनियमिताएं आदि समेत इंडस्ट्रीयल पार्क की रिटायर्ड जज की उपस्थिति में उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए हरिद्वार के थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा सहारनपुर पुलिस को बिना सूचना दिए, गिरफ्तार करने वाले कर्मचारियों के विरोध कार्यवाही की मांग की है।

इस दौरान विक्रम सैनी उर्फ जॉनी सैनी, अनुज सैनी समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमेरिका ने सात महीने में 1700 भारतीय निकाले

## इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं, विदेश राज्य मंत्री बोले: बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए



■ कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी
■ अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था-क्या सरकार जनवरी 2025 से अमे. रिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा: बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा: अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा: अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।

# अमेरिका के मोंटाना में गोलीबारी, चार मरे

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में मोंटाना राज्य के एनाकोंडा में शुक्रवार को एक बार में हुई गोल. ीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एनबीसी मोंटाना की रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी कल सुबह दक्षिण-पश्चिमी मोंटाना के एनाकोंडा शहर के द आउल बार में हुई। एनाकोंडा-डियर लॉज काउंटी कानून प्रवर्तन केंद्र द्वारा एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार संदिग्ध की पहचान माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है। पोस्ट में कहा गया है, 'जानकारी के लिए बता दें कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हथियारबंद और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने फेसबुक पर संदिग्ध की एक तस्वीर पोस्ट की और लोगों को स्टंपटाउन क्षेत्र और आसपास के इलाकों से दूर रहने की सलाह दी।



मिर्जापुर। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आबादी में पहुंचे पानी से गुजरते राहगीर।

# कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे को 12 साल की नजरबंदी की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे (73) को प्रक्रियात्मक धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 12 साल की नज़रबंदी की सजा सुनाई गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव पक्ष के वकील ने पहले घोषणा की थी कि वे अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने खुद को निर्दोष बताया था। बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को इन अपराधों का दोषी पाए जाने के चार दिन बाद शुक्रवार को सज़ा की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभी भी महसूस किए जा रहे रूस में भूंकप के झटके

**मॉस्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई को आए भीषण भूकंप के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में भूकंप के 140 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। आपात स्थिति से संबधित मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा ष्क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.2 से 6.2 तीव्रता वाले 146 झटके महसूस किए गए। आबादी वाले क्षेत्रों में 2 से 5 तीव्रता वाले 20 से अधिक झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बेज़्मियानी, शिवेलुच, क्लुचेवस्कॉय और कारिस्की ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं।

### कुरील द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** कुरील द्वीप समूह के पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को अंत. रराष्ट्रीय समय 18:20 बजे पर कुरील द्वीप समूह के पूर्व में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 50.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 159.09 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो।** जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि देशभर में जुलाई महीने का औसत तापमान 1898 में शुरू हुए तुलनात्मक रिकॉर्ड के बाद से सबसे अधिक रहा जिसने 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को 2.16 डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। मौसम अधिकारियों के मुताबिक इस साल सामान्य तापमान का अधिक होने का रिकार्ड पिछले आंकड़ों से कहीं जयादा है।

# सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा: ट्रम्प

## कहा: उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, पर अगर ऐसा होता है, तो ये अच्छी बात होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रायटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रायटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रायटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूदा भंडार, लाजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10 प्रतिशत है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, जी-7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपीईसी+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती।



■ यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे
■ भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है

## रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमे. रिकी दबाव में रूस से आयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा: बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरक. ारी आयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मास्को से तेल नहीं खरीदने की चेता. वनी दी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# 2000 ईरानी मौलवियों ने की ट्रम्प की हत्या की मांग



■ बोले: ट्रम्प का खून करना हलाल, सुलेमानी की मौत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज

**तेहरान।** ईरान में 2000 से ज्यादा मौलवियों ने खुलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की मांग की है। इन मौलवियों ने कहा है कि ट्रम्प का खून हलाल है यानी कोई भी उन्हें खत्म कर दे तो गुनाह नहीं है। मौलवियों ने कहा है कि जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये बयान 1 अगस्त यानी शुक्रवार को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शिक्षा केंद्र कुम सेमिनरी की तरफ से जारी किया गया।

इसमें कहा गया कि अब सब्र का दौर समाप्त हो गया है। ट्रम्प का खून और उसकी संपत्ति अब हलाल है। सुलेमानी की शहादत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये खूनी अपराधी अब नहीं बचेगा। दुनिया चुप नहीं बैठेगी। बदला जरूर लिया जाएगा। जनरल कासिम सुलेमानी, ईरान के एक ताकतवर सैन्य अधिकारी थे जिन्हें 2020 में बगदाद में अमे. रिकी ड्रोन हमले में मार दिया गया था। जनरल कासिम इराक और सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ने के लिए चर्चित थे। ईरान मौलवियों के इस बयान के पीछे इजरायली डिफेंस मिनिस्टर इसरायल काट्ज का एक इंटरव्यू है। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर खामेनेई हमारे निशाने पर होते, तो हम उन्हें भी खत्म कर देते। मौका नहीं मिला, वरना काम कर देते। उन्होंने ये भी कहा कि इसके लिए इजरायल को अमेरिका की इजाजत की जरूरत नहीं थी। इजरायली मंत्री के इसी बयान ने ईरानी मौलवियों ने भी प्रतिक्रिया दी। धर्मगुरु अयातुल्ला नासिर मकारेम शिरा. जी ने जवाब में कहा कि जो भी इस्लामिक लीडर्स को धमकी देता है या उन पर हमला करता है, वो खुदा का दुश्मन है। बयान पर छोटे छात्रों से लेकर बड़े-बड़े मौलवियों के साइन हैं।

# उत्तरी वियतनाम में बाढ़, आठ लोगों की मौत, तीन लापता

■ बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से तीस गांवों का अन्य इलाकों से संपर्क टूटा

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में हाल के दिनों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गई है और अन्य तीन लापता हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानक. ारी दी। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शनिवार सुबह 06 बजे तक लगभग 60 घर बाढ़ के पानी में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने के से तीस गांवों को अन्य इलाकों से संपर्क टूट गया। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस, सैन्य बल, स्थानीय मिलिशिया और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों सहित लगभग 700 कर्मियों को तैनात किया गया है। जा डुंग कम्यून के एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान आज सुबह वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने स्थानीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करें कि कोई भी आपदा से पीड़ति व्यक्ति भूखा न रहे, लंबे समय तक संपर्क से दूर न रहे, या सूचना तक उसकी पहुंच न हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बचावकर्मियों और बाढ़ प्रभावित निवासियों, दोनों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# चीन ने आंधी-तूफान व उच्च तापमान के लिए किया अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को मौसम संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान और उच्च तापमान की चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आंधी-तूफान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और शनिवार से रविवार तक भीतरी मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओ. निंग, शांक्सी, हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, जिआंगसू, शंघाई, झेजियांग, अनहुई, जियांग्शी, फुज़ियान, ग्वांगडोंग, गुआंग्शी, युन्नान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। एनएमसी के अनुसार इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटे 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है जिसके साथ आंधी-तूफान भी आ सकते हैं।

# रूस के पास दो एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: नतीजे भुगतने होंगे



■ ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था-हम इजरायल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनामी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनामी बताया था। उन्होंने कहा था-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था कि ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोवियत यूनियन ने 1980 के दशक में एक आटोमैटिक परमाणु रिटैलिएशन सिस्टम बनाया था, जिसे डेड हैंड कहते हैं।

# अली लारीजानी बन सकते हैं ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी जल्द ही सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव बन सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लारीजानी आने वाले दिनों में एसएनएससी के प्रमुख के रूप में अली अकबर अहमदियन की जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एसएनएससी में संरचनात्मक परिवर्तन पूरे हो जाने के बाद ईरान में एक नई रक्षा परिषद की स्थापना की जाएगी, जिसकी संरचना निकट भविष्य में होने की उम्मीद है। ईरान की नई रक्षा परिषद स्थापित करने की योजना उसके खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की शुरुआत के ठीक एक महीने बाद सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परिषद को ईरान की रक्षा नीतियों से संबंधित रणनीतिक मिशनों को अंजाम देने का काम सौंपा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में 'संरचनात्मक परिवर्तनों' को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। एसएनएससी से संबद्ध ईरान के नूर न्यूज़ ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि आवश्यक आधार तैयार करने और संरचनात्मक सुधार करने के बाद, (ईरान के) कुछ उच्च-स्तरीय सुरक्षा संस्थानों के स्तर पर आसन्न परिवर्तनों के कार्यान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

# भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा: हमने 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराया



■ यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा: बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नही पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वार्ताकार डा. खलीलुर रहमान ने कहा कि हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं। रहमान ने आगे कहा कि हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमे. रिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है। कपड़ा इंडस्ट्री देश की जीडीपी का 11 प्रतिशत और कुल निर्यात (एक्सपोर्ट) आय में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है।

# इजरायल ने यमन से दागी कई मिसाइल को रोकने का किया दावा

**यरूशलम/सना।** इजरायल ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइल को रोकने का दावा किया है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सेना ने शुक्रवार शाम यमन से इज़रायली क्षेत्र की ओर दागी गई एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने या किसी के मारे जाने की कोई खबर नहीं है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ ने मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद एक अलर्ट जारी किया और लगभग पांच मिनट बाद पश्चिमी यरूशलम सहित मध्य और दक्षिणी इज़रायल के क्षेत्रों में वायु रक्षा सायरन बजने लगे जिससे लोग आश्रय स्थलों की ओर भागे। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लैंडिग और टेकऑफ़ के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। यमन के हूती समूह ने बाद में अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उसने बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक 'हाइपरसोनिक बैलिस्टिक' हमला किया और हमले ने 'अपना लक्ष्य हासिल कर लिया' जिससे हज़ारों इज़रायली 'आश्रय स्थलों की ओर भागने और हवाई यातायात रोकने' पर मजबूर हो गए।

# नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी

## जवान के लिए नेशनल अवार्ड पर शाहरुख ने जताई खुशी



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने फिल्म जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। शाहरूख खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए 33 वर्ष हो गए हैं। पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शाहरूख खान ने खुशी जताई है। शाहरूख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शाहरूख ने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नहीं कि मैं इस समय कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवनभर सराहूंगा जूरी, चेयरमैन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। उन्होंने कहा, मैं अपने निर्देशकों और लेखकों का भी दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, खासकर से 2023 के लिए। राजू सर (राजकुमार हिरानी), सिड (सिद्धार्थ आनंद) आपका

## 71वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स की हुई घोषणा में रानी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉवे के लिए मिला पुरस्कार



**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत हैं। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए तीन दशक हो गए हैं। रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत है। रानी मुखर्जी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक कलाकार के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्भुत माताओं को समर्पित करती हूं। मां के प्यार और अपने बच्चों की रक्षा करने की उनकी शक्ति जैसा कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं दुनिया भर के अपने सभी प्रशंसकों का एक बार फिर शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने इन 30 सालों में मेरा साथ दिया है।

## शाहरुख जैसे दिग्गज के साथ अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना सौभाग्य की बात: विक्रांत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी का कहना है कि शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकार के साथ पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। विक्रांत मैसी ने शाहरुख के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। विक्रांत मैसी ने कहा, मैं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी और 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अभिनय को इस सम्मान के योग्य समझा। मैं विधु विनोद चोपड़ा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। आज, यदि मैं ऐसा कहूं तो, एक 20 साल के लड़के का सपना सच हो गया है। मेरे अभिनय को सम्मान देने और इस फिल्म को इतने प्यार से सुझाने के लिए मैं दर्शकों का हमेशा आभारी रहूंगा।



## किआरा के जन्मदिन पर सिद्धार्थ ने मंगाया स्पेशल केक

**मुंबई।** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने 31 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन मनाया है। इस खास मौके पर फैमिली और फैंस से मिले प्यार के लिए अब उन्होंने आभार जताया है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा, अपने पेरेंट्स और बच्ची को भी जिक्र किया है। न्यू माम कियारा ने अपने पोस्ट में स्पेशल केक की झलक भी दिखाई है। केक का डिजाइन उनके मदरहुड जर्नी को दिखा रहा है, जिसमें एक महिला गोद में बच्चे के लिए हुए है। केक पर लिखा है- श्हैप्पी बर्थडे की। वंडरफुल माम। कियारा नोट में लिखती हैं- 'मेरा सबसे खास जन्मदिन। मेरे लाइफ के प्यारे लोगों से घिरा हुआ। मेरा बेबी, मेरे पति और पेरेंट्स।। और हमारे दोनों गाने रिपीट मोड में बज रहे हैं क्योंकि हम इस शानदार साल में कदम रख रहे हैं। आप सभी के विशेज के लिए शुक्रिया। बता दें कि 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। डिलीवरी के बाद जब एक्ट्रेस को अस्पताल से डिस्चार्ज मिला तब कपल की ओर से पैपराजी के लिए एक नोट शेयर किया गया है, जिसमें रिक्वेस्ट की गई है कि उनकी बेटी की तस्वीरें क्लिक न की जाएं। सिद्धार्थ और कियारा की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा था, हमारी नन्ही परी आ गई है। इस खास पल का जश्न मनाने के लिए बस कुछ मीठा। प्लीज तस्वीरें ना क्लिक करें, सिर्फ आशीर्वाद दें। कियारा और सिद्धार्थ। वहीं, एक्ट्रेस की वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा की फिल्म श्वार 2श 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। उनके बर्थडे के मौके पर फिल्म का पहला गाना आवन-जावन रिलीज़ किया गया। फिल्म कियारा के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह एक्शन थ्रिलर 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज की जाएगी।

## दो अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं अमिताभ

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर को है, लेकिन वह 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। वर्ष 1982 में अमिताभ फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे थे। सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके पेट मे गंभीर चोट लग गई थी। अमिताभ कई दिनों तक अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रहे। यह चोट इतनी गहरी थी कि उनकी मल्टीपल सर्जरी हुई। अमिताभ बच्चन लगभग मौत के मुंह में जा चुके थे।

## चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में दिखाई देंगे समर्थ्य

**मुंबई।** अभिनेता समर्थ्य गुप्ता शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान अब अपनी कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहा है। दर्शक जल्द ही बड़े पृथ्वीराज चौहान के रूप में अभिनेता समर्थ्य गुप्ता को देखेंगे, जो इस वीर राजा की भूमिका निभाने जा रहे हैं। उनके प्रवेश से शो में एक नए युग की शुरुआत होगी, जिसमें भावनात्मक गहराई और इतिहास की एक अविस्मरणीय प्रेम कहानी - पृथ्वीराज और संयोगिता - को और भी खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए समर्थ्य ने कहा, जब मुझे भारत के सबसे बहादुर राजाओं में से एक, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिला, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने अपने प्राण मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिए। यह भूमिका आसान नही है, इसके लिए मुझे शारीरिक और मान. सिक दोनों रूप से तैयारी करनी होगी।

## तारा सुतारिया और वीर एक साथ स्पॉट किए गए



**मुंबई।** वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि अब तक किसी ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन दोनों को कई बार साथ देखा गया है।

हाल ही में सामने आई एक वीडियो में वीर, तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। वीडियो में तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जैसे ही तारा कार से उतरीं तो वीर उन्हें पैपराजी से प्रोटेक्ट करते नजर आए। तारा और वीर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दोनों के फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि अब क्लियर हो रहा है कि दोनों डेट कर रहे हैं तो कुछ ने प्यार वाला हार्ट इमोजी शेयर किया है। यह पहली बार नहीं है, जब वीर और तारा को साथ में स्पाट किया गया था। इससे पहले दोनों साथ में इटली वेकेशन भी मानने गए थे। दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर सेम लोकेशन की फोटो भी शेयर की थी। बता दें, वीर और तारा कुछ महीने पहले लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वाक किया था, जिसके बाद से डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई। लैक्मे फैशन वीक में साथ रैंप वाक किया था। बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## नेशनल फिल्म अवार्ड को लेकर मौसमी चटर्जी का खुलासा

### कहा- अवार्ड के बदले मांगे गए थे पैसे, किशोर कुमार से भी हुई थी ऐसी मांग



**मुंबई।** फिल्मों को दिए जाने वाले अवाड्र्स को लेकर इंडस्ट्री में हमेशा दो राय रही है। इंडस्ट्री में कई दिग्गज एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला। वहीं, कई एक्टर्स ने दावा किया है कि उन्हें पैसे के बदले अवार्ड आफर हुई थी।

इंडस्ट्री में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू करने वाली मौसमी चटर्जी ने 70-80 के दशक में कई हिट फिल्में दी हैं। मौसमी बंगाली और हिंदी सिनेमा का चर्चित चेहरा रही हैं। उन्होंने अपने करियर में 'बालिका बधू', 'अनुराग', 'अंगूर', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को लेकर मौसमी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें दो बार पैसों के बदले अवार्ड की पेशकश की गई थी। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- 'मुझे मेरी फिल्म अनुराग और रोटी कपड़ा और मकान के लिए आफर मिला। मैंने कहा कि मैं अवार्ड के लिए पैसे नहीं दूंगी।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ऋषि कपूर को लेकर भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म 'बाबी' के लिए पैसे देकर अवार्ड खरीदे थे। पैसे के बदले अवार्ड का जिक्र ऋषि कपूर अपनी किताब 'खुल्लम-खुल्लम' में भी बताया था। अपनी किताब में उन्होंने लिखा कि एक पीआर वाले के जरिए 30 हजार में अवार्ड खरीदा था। हालांकि, बाद में उन्हें इस बात का पछतावा भी हुआ। पैसे के बदले अवार्ड की पेशकेश सिंगर और एक्टर किशोर कुमार को भी हुई थी।

यह दावा उनके बेटे अमित कुमार ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में किया था। अमित कुमार ने बताया था कि किशोर कुमार एक समय दूर गगन की छांव में के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बहुत करीब थे। साल 1964 में आई इस फिल्म को किशोर कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसमें उन्होंने बेटे अमित कुमार के साथ एक रोल किया था। फिल्म बाक्स आफिस पर बहुत सफल रही और फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के देने की चर्चा भी थी, लेकिन मंत्रालय में किसी ने रिश्वत की मांग की, जिसकी वजह फिल्म को अवार्ड नहीं मिला। अमित ने इंटरव्यू में कहा-उन्हें दिल्ली मंत्रालय के किसी आदमी का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता से कहा, अगर तुम कुछ दोगे, तो हम तुम्हें नामिनेट कर सकते हैं। मेरे पिता ने कहा, तुम मेरी जान के पीछे क्यों पड़े हो? मेरी फिल्म तो हिट है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108